

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | मंगलवार , 17 मार्च 2026 | वर्ष: 03 , अंक: 365 पृष्ठ: 08 , मूल्य: 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# बिहार राज्यसभा चुनाव में एनडीए का क्लीन स्वीप

## नीतीश-नितिन सहित पांचों उम्मीदवार जीते, महागठबंधन की रणनीति फेल, महागठबंधन के 4 विधायक नहीं पहुंचे

**पटना/एजेंसी**

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए हुए चुनाव में एनडीए ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सभी सीटों पर कब्जा कर लिया। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा नेता नितिन नवीन राज्यसभा पहुंच गए। चुनाव परिणाम के बाद एनडीए खेमे में खुशी का माहौल देखा गया। वहीं महागठबंधन की रणनीति पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

**मतगणना में एनडीए उम्मीदवारों को** बढ़त

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा नेता नितिन नवीन राज्यसभा को 44-44 वोट मिले।

**चार विधायकों की गैरहाजिरी से बिगड़ा समीकरण**

राज्यसभा चुनाव में एक सीट जीतने के लिए 41 वोट की आवश्यकता थी। लेकिन महागठबंधन के चार विधायक मतदान में शामिल नहीं हुए। इनमें कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक शामिल बताए गए हैं। इस अनुपस्थिति ने चुनावी गणित को पूरी तरह बदल दिया। राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम को लेकर चर्चा तेज हो गई।

**कांग्रेस और राजद विधायक नहीं पहुंचे मतदान में**

राजद के ढाका विधायक मतदान के दौरान विधानसभा नहीं पहुंचे। पार्टी नेताओं ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। वहीं कांग्रेस के तीन विधायक भी मतदान में शामिल नहीं हुए। बताया जा रहा है कि संपर्क नहीं हो पाया। इससे महागठबंधन के वोटों की संख्या कम हो गई।

**एआईएमआईएम समर्थन भी नहीं दिला सका जीत**

महागठबंधन को एआईएमआईएम का समर्थन मिलने की चर्चा थी। इसके बावजूद विपक्षी खेमे का उम्मीदवार जीत हासिल नहीं कर सका।





### राज्यसभा चुना: मतदान के दिन दिखे कई दिलचस्प घटनाक्रम

राजद नेता तेजस्वी यादव की रणनीति को झटका माना जा रहा है। पांचवीं सीट के लिए मुकाबला काफी दिलचस्प माना जा रहा था। लेकिन अंतिम परिणाम में एनडीए का पलड़ा भारी रहा। मतदान के दौरान कई रोचक घटनाएं भी सामने आईं। मोकामा के विधायक अनंत सिंह जेल से वोट डालने विधानसभा पहुंचे। उन्होंने भविष्य में चुनाव नहीं लड़ने का संकेत भी दिया। इन घटनाओं ने चुनावी माहौल को और चर्चा में ला दिया।

**वोटिंग से पहले रिटर्निंग ऑफिसर** का ट्रांसफर

इधर मतदान से कुछ घंटे पहले प्रशासनिक स्तर पर भी बड़ा बदलाव हुआ। राज्यसभा चुनाव की रिटर्निंग ऑफिसर ख्याति सिंह के तबादले का आदेश जारी हुआ। उन्हें बिहार विधानसभा सचिव पद से हटाकर पटना हाईकोर्ट में ओएसडी बनाया गया।

हालांकि चुनाव की प्रक्रिया तय समय पर पूरी कर ली गई। परिणाम आने के बाद बिहार की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत पक्की हो गई।

#### जनता की आवाज पर फैसला लिया: अभय चौटाला

इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा- जनता की आवाज पर फैसला लिया कि हमारे दोनों विधायक चुनाव से दूरी बनाएंगे। भाजपा का रवैया सही नहीं रहा। इन्होंने जात-पात, मजहब की राजनीति की। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल मुझसे मिले थे। मैंने साफ कह दिया था कि इस पर पार्टी का सामूहिक फैसला होगा। कांग्रेस में कोई क्रॉस वोट होता तो इसकी जिम्मेदारी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की होगी। कांग्रेस से 30 का आंकड़ा पार नहीं होगा। क्रॉस वोटिंग करना पाप है। इस पर कानून बनना चाहिए।

**हरियाणा में इनेलो के 2 विधायकों ने वोट नहीं डाले**

2 विधायकों वाली इनेलो ने राज्यसभा चुनाव से दूरी बना ली है। पार्टी सुप्रीमो अभय चौटाला ने पार्टी की बैठक की।

### ओडिशा: मतदान के दौरान कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की

हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार को मतदान हुआ। एनडीए ने बिहार की सभी पांचों राज्यसभा सीटों पर जीत दर्ज की है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने ऐलान किया है। इस जीत के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा पहुंच गए हैं। ओडिशा में काउंटिंग हुई। हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दो कांग्रेसी विधायकों के वोटों पर आपत्ति के बाद काउंटिंग रोक दी गई। जानकारी के अनुसार बीजेपी के गौरव गौतम और किशन बेदी ने इन दोनों वोटों पर आपत्ति जताई। तीनों राज्यों में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। बिहार और ओडिशा में मतदान के दौरान कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने माना है कि कांग्रेस विधायक दाशरथी गमांग, सोफिया फिरदोस और रमेश जेना ने पार्टी लाइन से हटकर मतदान किया है। बिहार में एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट डाले हैं। जबकि महागठबंधन की तरफ 37 विधायकों ने ही वोट डाले हैं।




### बिहार में 5 सीटों पर वोटिंग-कांग्रेस के 3 विधायक गायब

बिहार विधानसभा की 243 सीटें हैं। यहां 5 सीटों पर 6 कैंडिडेट हैं। एनडीए के 202 विधायक है। वहीं, महागठबंधन के 35 विधायक हैं। मतलब एनडीए को 4 सीटें आसानी से मिल जाएंगी। उसके पास 202 विधायक हैं। 41 वोट के लिहाज से 4 सीटें जीत के लिए 164 विधायक लगेंगे। इसके बाद ठऊअ के पास 38 विधायक बचेंगे और 5वीं सीट जीतने के लिए उसे 3 और विधायकों का समर्थन चाहिए। वहीं, महागठबंधन के पास अभी 35 विधायक हैं। ओडिशा में विधानसभा की 147 सीटें हैं। यहां राज्यसभा की 4 सीटों के लिए चुनाव होगा, लेकिन 5 उम्मीदवार हैं। एक सीट पर जीत के लिए 30 विधायकों का समर्थन चाहिए। भाजपा के दो प्रत्याशी मनमोहन सामल और सुजीत कुमार की जीत तय है। इखऊके पास 48 वोट हैं। उसने 2 उम्मीदवार उतारे हैं। संत्रुप्त मिश्रा और दत्तेश्वर होता। मिश्रा की जीत तय है। पेंच चौथी सीट पर फंसा है। भाजपा ने दिलीप राय को समर्थन दिया है।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के मुद्दे पर युवा कांग्रेस का जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन

**नई दिल्ली/एजेंसी**

अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते और देश में एलपीजी गैस की कथित कमी को लेकर युवा कांग्रेस ने सोमवार को जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में देशभर से आए कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

प्रदर्शन में एआईसीसी महासचिव और राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, सचिन पायलट, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी और राजस्थान विधायक मनीष यादव सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

सचिन पायलट ने कहा कि भारत ऐसी स्थिति में है जहां हमारे पास 88 फीसदी तेल और गैस हम आयात करते हैं। अगर देश में हालात ऐसे हो गए हैं कि सिलेंडर की बिक्री हो रही है, एनर्जी की कमी है, तो यह सिर्फ चुनाव का मामला नहीं है। यह बात देश की ऊर्जा सुरक्षा की है। आने वाले चुनाव में इसका असर देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि हमारा यह संघर्ष का विश्व में जो स्टैंड रहा वह हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर रहा।






*वीथिका के आयोजन 'पीढिया' में शामिल हुए विख्यात साहित्यकार*

## प्रयागराज में साहित्यकारों की तीन पीढ़ियों को लेकर हुआ जोरदार विमर्श

### सूर्यबाला, मनोज रूपड़ा, आकृति विज्ञा, बसंत त्रिपाठी, जनार्दन, रजनीश त्रिवेदी, प्रवीण शेखर को वीथिका सम्मान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** वीथिका संस्था के अनूठे साहित्यिक आयोजन 'पीढ़ियां' में देश के विख्यात साहित्यकार और आलोचक शामिल हुए। साहित्यकारों की तीन पीढियों पर केंद्रित कार्यक्रम इलाहाबाद संग्रहालय में हुआ। इसमें साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ करने के अलावा अपनी लेखन प्रक्रिया के बारे में बताया तो विद्वान आलोचकों ने इस पर विमर्श भी किया। इस अवसर पर सूर्यबाला (मुंबई), मनोज रूपड़ा (नागपुर), आकृति विज्ञा (वाराणसी), बसंत त्रिपाठी, जनार्दन, रजनीश त्रिवेदी (कानपुर), रंगकर्मी प्रवीण शेखर को वीथिका सम्मान दिया गया।

आकृति विज्ञा ने अपने तीन कविता संग्रहों से कुछ चुनिंदा कविताएं पढ़ी और कहा साहित्य का मौलिक तत्व समाज हित है। उन्होंने कहा कि इस समय सहनशीलता का कम होना चिंता का विषय है। प्रगतिवाद अपने समय की अनकही बातों को कहता है।




आकृति विज्ञा की कविताओं पर सुपरिचित कवि और समालोचक डॉ. शिशिर सोमवंशी ने कहा कि आकृति की रचनाओं में संवेदना और शिल्प का एक बहुत ही सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। वे स्त्री के अस्तित्व को लोक के पारंपरिक प्रतीकों से जोड़ती हैं। बेहतर यह कि उसे आधुनिक चेतना के साथ प्रस्तुत करती हैं। उनकी कविताओं में स्त्री केवल पात्र नहीं, बल्कि संस्कृति की संवाहिका है। प्रकृति के प्रति उनका गहरा लगाव भी उनके रचनाकर्म का सशक्त पक्ष है।

मनोज रुपड़ा ने कहा कि कोई युवा जब लिखना शुरू करता है तो उसके पास स्वतः स्फूर्त प्रेरणा के अलावा कुछ नहीं होता। उसे लिखने के लिए ज्यादा सोचना नहीं पड़ता क्योंकि वह उत्साह से भरा होता है। तात्कालिक प्रवाह उसे लिखवा लेता है। यही वजह है कि युवा लेखक की रचनाओं में विद्रोह, नए विचार और कल्पना अधिक दिखाई देता है। वह जो भी लिखता है, दुनिया को बदलने की बेचैनी के साथ लिखता है। उसकी भाषा हमेशा तेज, प्रयोगधर्मी और भावनात्मक होती है।

मनोज रूपड़ा के कथा संसार पर सुपरिचित कवि व आलोचक प्रो. बसंत त्रिपाठी ने कहा कि समकालीन कथा साहित्य में मनोज रूपड़ा की कहानियाँ मनुष्य के भीतर के अँधेरे का उत्खनन है। इस उत्खनन के कबाड़ को जीता हुआ मनुष्य और उसके क्रियाकलापों की बारीकियों को दर्ज करता एक सचेत कथाकार भी है। सूर्यबाला ने कहा कि साहित्य की सार्वभौमिकता पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय विरासत बहुत समृद्ध है। उनके उपन्यास "कौन देश को वास" में तीन पीढ़ियों का संघर्ष और समरसता है।

सूर्यबाला की रचनाओं का विश्लेषण करते हुए युवा आलोचक डॉ. जनार्दन ने कहा कि वैचारिक दृष्टि से सूर्यबाला की कहानियों का पलड़ा गांधी की तरफ झुका हुआ है।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि रजनीश त्रिवेदी (कानपुर), अतिथियों का स्वागत प्रवीण शेखर, धन्यवाद ज्ञापन शिशिर सोमवंशी ने किया। इस मौके पर डॉ. सुप्रिया पाठक, अमितेश कुमार, लक्ष्मण गुप्ता, अनुभा श्रीवास्तव, सुषमा शर्मा, मधु शुक्ला, अनीता त्रिपाठी, प्रेमशंकर, आनंद मालवीय, प्रियदर्शन, मिथिलेश, कुमुद दुबे, श्रीरंजन शुक्ला, संतोष शुक्ला, सुशांत चट्टोपाध्याय, संतोष कुमार मिश्रा, अरशद फाखरी, उमेश चंद्रा, शिवांगी गोयल, नवीन सिन्हा, आलोक सिंह, टोनी सिंह, ब्रजेश यादव, आरती चिराग आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय, अगियौना एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र अगियौना का आकस्मिक निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अनुशासन न पाए जाने, विद्यालय परिसर व शौचालय की साफ-सफाई की स्थिति ठीक न पाए जाने, मध्यान्ह भोजन में लापरवाही पाए जाने एवं निपुण तालिका अपडेट न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया है कि जांचकर प्रधानाध्यापिका के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाय।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया कि तत्काल विद्यालय का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें।

निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापिका द्वारा अवगत कराया गया कि सफाई कर्मी नियमित रूप से नहीं आते हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि सफाई कर्मी प्रतिदिन विद्यालय का साफ-सफाई कार्य अवश्य करें। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि एक शिक्षक काफी समय से विद्यालय नहीं आ रहें है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को शिक्षक के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने खण्ड शिक्षाधिकारी, मंझनपुर से भी स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले युवक को कोखराज पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के फकीर बक्स का पुरवा गांव में 13 मार्च को बालिका कुमारी आंचल उम्र 16 वर्ष ने प्रेमी सुरेन्द्र गौतम पुत्र राम आसरे निवासी बरीपुर के उकसाने पर आत्महत्या कर लिया था युवक से बालिका अथाह प्रेम करती थी दोनों के बीच लंबे समय से संबंध थे लेकिन बालिका से पीछा छुड़ाने के लिए युवक ने बालिका से शर्त लगाई कि यदि तुम मुझसे प्रेम करती हो तो किस हद तक प्रेम कर सकती हो इस शर्त के तहत युवक ने कहा है कि यदि तुम मुझसे प्रेम करती हो तो फांसी लगाकर करके दिखाओ युवक के प्यार में पागल बालिका यह नहीं जानती थी कि फांसी लगाने से उसकी मौत हो जाएगी और युवक के समझाने के बाद बालिका ने फांसी लगा लिया जिससे बालिका की मौत हो गई आत्महत्या के लिए उकसाने वाले वांछित अभियुक्त को कोखराज थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है मामले में तहरीर के आधार पर थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 135/26 धारा 108 बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में सोमवार को थाना कोखराज पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वाछित अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार पुत्र रामआसरे निवासी बरीपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## पुलिस अधीक्षक ने 'ऑनलाइन संवाद' के जरिए सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा जनसुनवाई प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है।

इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारियों तथा प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से सीधा संवाद स्थापित कर प्रकरणों की जानकारी ली जा रही है।



इस दौरान पुलिस अधीक्षक फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए प्रत्येक मामले की वस्तुनिष्ठ समीक्षा करते हैं तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हैं।

साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी शिकायतों का समाधान नियमानुसार एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया जाए, जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें समय पर न्याय मिल सके।

तकनीक के इस प्रभावी उपयोग से पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ने के साथ-साथ आमजन का पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास भी निरंतर मजबूत हो रहा है।

## इण्डेन गैस सर्विस, करारी का डीएम ने किया निरीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज अथर्व इण्डेन गैस सर्विस, करारी का आकस्मिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।



जिलाधिकारी ने गैस एजेन्सी के निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का अवलोकन किया तथा उनके द्वारा प्रबन्धक, गैस एजेन्सी से जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि गैस एजेन्सी में गैस सिलेण्डरों का लोड आज सायं तक आने की सम्भावना है।

जिलाधिकारी ने प्रबन्धक, गैस एजेन्सी को निर्देशित किया कि सभी उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार सिलेण्डर की आपूर्ति डी.ए.सी. (डिलेवरी ऑथेंटिकेशन कोड) के माध्यम से सुनिश्चित कराई जाय एवं अनावश्यक गैस एजेन्सी पर भीड़ न लगाई जाय। जिन उपभोक्ताओं का नम्बर आ गया है, उन्हें दूरभाष पर अवगत भी करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी तरह की कालाबाजारी या अनियमितता मौके पर पाई जाती है,तो जिम्मेदारी निर्धारित कर कार्यवाही की जाएगी।

## सीओ ने ऑपरेशन दहन के संबंध में समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई

**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार के निर्देशन में सोमवार को पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह द्वारा ऑपरेशन दहन के संबंध में समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के दौरान अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर जनपद में NDPS से संबंधित माल के समयबद्ध निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु व अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने और निर्धारित कार्य योजना के अनुसार कार्यवाही करने पर बल दिया गया ।

समीक्षा गोष्ठी के दौरान जनपद के समस्त थानों के विभिन्न कर्मचारी एवं अधिकारी भी मौजूद रहे।

## कप्तान में एलआईयू के साथ समीक्षा गोष्ठी कर दिए निर्देश





**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक द्वारा पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में LIU के साथ समीक्षा गोष्ठी की गयी । एसपी द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सतर्क दृष्टि रखते हुये त्यौहार को परम्परागत रुप से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा सेंटर कक्ष का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक द्वारा पुलिस लाइन फतेहपुर में आरटीसी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की आगामी अन्तिम परीक्षा (Final Examination) को शुचितापूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा सेंटर/कक्ष का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बीज भंडार में लगी आग, लाखों रुपये का नुकसान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के एक बीज भंडार में सोमवार भोर में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। आग की लपटें देखते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी।

राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा में चंद्राज केसरवानी पुत्र बुद्धू केसरवानी अपने मकान में ही महाशक्ति बीज भंडार नाम से दुकान खोले हैं बीते शाम दुकान बन्द कर सोने चले गए सोमवार भोर 4 बजे शटर वाली दुकानों से संदिग्ध परिस्थितियों में धुंआ निकलने लगा देखते देखते आग ने विशाल रूप धारण कर लिया दुकानदार के शोर मचाने पर पड़ोसी इक्कठा हो गए लेकिन आग पर काबू नही पा सके इसी दौरान किसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी थी ,फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंची और आग में काबू पा लिया गया दुकानदार के अनुसार इस अग्निकांड में 10 हजार नकदी सहित 18 पीस दवा छिड़कने वाली मशीन,बीज,और अन्य कृषि सामग्री जलकर राख हो गई। आग से 15 लाख रुपये के नुकसान हुआ है । आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, जिससे घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।सूचना मिलने पर डायल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों की संभावना जताई जा रही है।

## पिकअप चालक की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने किया थरवई थाने का घेराव

**सबसे तेज प्रयागराज**



**थरवई।** एक मार्च को हुई सड़क दुर्घटना में मामा-भांजी की मौत के मामले में आरोपी पिकअप चालक की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने भाजपा नेता विनय तिवारी के नेतृत्व में सोमवार को थरवई थाने का घेराव किया।वजीरपुर निवासी राशि त्रिपाठी (18) अपने मामा रजत त्रिपाठी के साथ स्कूटी से तिवारीपुर जा रही थीं। रास्ते में वजीरपुर के पास पिकअप की टक्कर से दोनों की मौत हो गई थी, जबकि चालक वाहन लेकर फरार हो गया।परिजनों का आरोप है कि वाहन का नंबर और मालिक की जानकारी देने के बावजूद पुलिस ने अब तक गिरफ्तारी नहीं की। एसीपी थरवई अरुण पराशर और थाना प्रभारी थरवई संतोष पांडेय ने 48 घंटे में गिरफ्तारी का अश्वासन दिया

## नाबालिग अपहृता को किया गया सकुशल बरामद व वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना असोथर पुलिस द्वारा अपहरण थाना असोथर जनपद फतेहपुर से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद किया गया तथा नामजद/वांछित अभियुक्त ननका उर्फ अरमेन्द्र पुत्र गनेश रैदास निवासी पंथुवा मजरे रमवां थाना राधानगर जिला फतेहपुर उम्र 18 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## चांदपुर पुलिस द्वारा 2 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर श्री अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना चांदपुर पुलिस द्वारा मारपीट से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त गुलाब यादव पुत्र विश्राम सिंह उम्र करीब 44 वर्ष निवासी ग्राम गोहरारी थाना चाँदपुर जनपद फतेहपुर व विस्फोटक पदार्थ अधि0 से संबंधित वारंटी अभियुक्त अनुज कुमार पुत्र सीताराम उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम औरा निस्फी थाना चाँदपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## कोर्ट के आदेश पर 5 माह बाद दर्ज की गई एससी एसटी की रिपोर्ट

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बहरिया।** कोर्ट के आदेश पर बहरिया पुलिस ने 5 माह बाद तीन लोगों के खिलाफ एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। मामले की विवेचना एसीपी फूलपुर विवेक यादव कर रहे हैं। थाना क्षेत्र के भरेहता गांव की रहने वाली अनारा देवी पत्नी लालता प्रसाद ने कोर्ट में वाद दाखिल कर आरोप लगाया कि 29 सितंबर की सुबह 9 बजे मेरे लड़के अर्जुन सिंह (12) और कुनाल सिंह (9) सिकंदरा स्थित चंद्रपाल वस्त्रालय पर कपड़ा खरीदने गए थे। मेरा छोटा लड़का कुनाल सिंह वापस आकर बताया कि भैया अर्जुन को कुछ लोग पकड़ लिए हैं और मारपीट रहे हैं।

अनारा देवी का यह भी आरोप है कि उसको भी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। जब वह बहरिया थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने गई तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। कोर्ट ने सुनवाई के बाद बहरिया थाना अध्यक्ष को रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश पर बहरिया पुलिस ने रविवार की देर रात बाबूगंज निवासी आकाश कुमार गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता और कमलेश पाल के खिलाफ एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थानाध्यक्ष बहरिया ब्रजेश सिंह ने बताया कि दुकान में चोरी करने के आरोप में कुछ लोगों ने अर्जुन सिंह को पकड़ा था और उसके पास से पैसा भी बरामद हुआ था दोनों पक्षों द्वारा आपस में समझौता कराने और नाबालिक होने से अर्जुन सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। कोर्ट के आदेश पर अनारा देवी द्वारा लगाए गए आरोपों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना खागा पुलिस द्वारा दुष्कर्म से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त हीरालाल पुत्र रामराज निवासी ग्राम सातो सुल्तानपुर थाना असोथर जनपद फतेहपुर उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## एसडीएम सीओ द्वारा गैस की कालाबाजारी रोकने हेतु गैस गोदाम का निरीक्षण कर दिए सख्त निर्देश

**सबसे तेज प्रयागराज**



**बुलंदशहर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार जनपद बुलन्दशहर में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी एवं अवैध भंडारण पर रोक लगाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी शिकारपुर श्री अरूण कुमार एवं क्षेत्राधिकारी शिकारपुर श्री शशांक श्रीवास्तव द्वारा थाना सलेमपुर क्षेत्रान्तर्गत गैस गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया।

उपजिलाधिकारी शिकारपुर एवं क्षेत्राधिकारी शिकारपुर द्वारा गोदाम में रखे गैस सिलेंडरों के भंडारण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया गया।

इस दौरान गैस गोदाम स्वामियों को निर्देशित किया गया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल निर्धारित उपभोक्ताओं को ही किया जाए तथा किसी भी स्थिति में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या अवैध बिक्री न की जाए। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर पुलिस–प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा कस्बे के वार्ड नंबर 13 स्थित संत गाडगे नगर में सोमवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

जानकारी के अनुसार संत गाडगे नगर निवासी वंदना देवी उम्र 25 वर्ष पत्नी जानकी सरोज की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका अपने पीछे एक साल की मासूम बच्ची छोड़ गई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि मृतका का पति जानकी सरोज ट्रैक्टर चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार पति-पत्नी के बीच घरेलू कलह की बात भी सामने आ रही है। बताया गया कि जानकी सरोज की शादी करीब ढाई वर्ष पूर्व कौशांबी थाना क्षेत्र के बकलियन का पूरा गांव में हुई थी। हालांकि अभी तक मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना प्रभारी हरीश तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। वंदना देवी की मौत के बाद उसकी एक साल की मासूम बच्ची के सिर से मां का साया उठ गया। घटना के बाद परिवार के लोग बिलख रहे हैं और मोहल्ले में भी शोक का माहौल है।



# स्वयंसेविकाएं देश का है भविष्य : डा रीता बहुगुणा

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : पंकज जायसवाल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** आर्य कन्या डिग्री कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का अंतिम दिवस उत्साह और सक्रिय सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकाल योग, प्राणायाम, प्रार्थना तथा व्यायाम से हुई। समापन समारोह की अध्यक्षता शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने की। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. राजेश गर्ग थे।





शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने स्वयंसेविकाओं को विशेष शिविर की सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने राष्ट्र के प्रति सेवा भाव को युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का आधार बताया।

समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रो. राजेश गर्ग ने स्वयंसेविकाओं द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना की और उन्हें समाज के प्रति अधिक संवेदनशील एवं जागरूक बनने का संदेश दिया। उन्होंने विशेष रूप से काली बाड़ी और मलिन बस्ती के भ्रमण जैसे कार्यक्रमों को स्वयंसेविकाओं के सामाजिक अनुभव के लिए उपयोगी बताया।

मुख्य अतिथि प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने स्वयंसेविकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि मन को एकाग्र कर लक्ष्य निर्धारित किया जाए तो व्यक्ति अपने जीवन, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा देश के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सकता है। उन्होंने अपने बचपन के अनुभव साझा करते हुए स्वयंसेविकाओं को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सेवा भावना अपनाने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बिहार के पारंपरिक झिझिया नृत्य, भाव नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता पाठ तथा शिविर के अनुभवों को कविता के रूप में प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बनाया गया। इन प्रस्तुतियों ने अतिथियों और स्वयंसेविकाओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में फूलों की होली ने सबको आनंदित कर दिया।

कार्यक्रम में स्वागत प्राचार्या प्रो. अर्चना पाठक ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय एनएसएस प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सात दिवसीय शिविर की आख्या डॉ. शिवानी विश्वकर्मा ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दामिनी श्रीवास्तव ने किया। शिविर का सफल संयोजन व संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रंजना त्रिपाठी, डॉ दामिनी , डॉ. भारती, डॉ. सुधा तथा डॉ शिवानी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस विशेष शिविर की सफलता में प्रो इभा सिरोठिया, प्रो ममता गुप्ता, प्रोफेसर अंजू श्रीवास्तव, प्रो नीलांजना जैन, डॉ सुधा सिंह,डॉ. अनुपमा, डॉ. मुदिता, डॉ. किरन एवं डॉ. चित्रा, डॉ राधा रानी, डॉ पूजा, नीना प्रजापति, नेहा ,पूनम जायसवाल, रिचा अवस्थी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सभी स्वयंसेविकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## 15 प्लस आयु वर्ग की हुई परीक्षा, शामिल हुए 10496 अभ्यर्थी

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 + आयु वय वर्ग के असाक्षरों की वृहद रूप से साक्षरता परीक्षा परिषदीय विद्यालय में आयोजित की गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आनिल कुमार , समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एआरपी एवं नोडल द्वारा परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किया गया। 1263 परीक्षा केंद्रो पर 10496 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।

## उद्घोष-2083, हिन्दू नववर्ष स्वागत उत्सव की तैयारियाँ तेज



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** नव संवत्सर 2083 के पावन अवसर पर 19 मार्च (गुरुवार) को प्रातः 05:00 बजे से 07:00 बजे तक हनुमत निकेतन प्रांगण (हनुमान मंदिर, सिविल लाइंस, प्रयागराज) में आयोजित होने वाले भव्य उद्घोष-2083, हिन्दू नववर्ष स्वागत उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से प्रारंभ हो गई हैं।कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने हेतु आज महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ 50 से अधिक स्वयंसेवकों की सक्रिय उपस्थिति रही। बैठक में मंच व्यवस्था, शंखनाद कार्यक्रम, जलांजलि, अतिथि स्वागत, सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश एवं जनसंपर्क की विस्तृत जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गईं। संयोजक डॉ. बी. बी. अग्रवाल ने सभी स्वयंसेवकों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सनातन परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने समस्त प्रयागराजवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर नववर्ष के इस स्वागत उत्सव में सहभागी बनने का आग्रह किया।आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम में प्रातःकालीन ईशवंदन, स्वस्ति वाचन, सामूहिक शंखनाद एवं नव संवत्सर अभिनंदन प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

## तेज रफ्तार दूध टैंकर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बहरिया ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करकटेपुर चौराहे पर रविवार देर शाम तेज रफ्तार दूध टैंकर की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गईजानकारी के अनुसार सैदाबाद निवासी शिव कुमार जायसवाल बाइक से करनाईपुर की ओर से प्रतापगढ़ के दुगार्गंज गांव स्थित अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। जैसे ही वह करकटेपुर चौराहे के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार और अनियंत्रित दूध टैंकर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची बहरिया पुलिस ने घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और टैंकर चालक की तलाश की जा रही है।

## चोरी की मोबाइल के साथ युवक को पकड़ा

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** जीआरपी प्रयागराज द्वारा रेलवे स्टेशन नैनी जंक्शन से चोरी के मोबाइल फोन के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी चौकी जीआरपी नैनी थाना जीआरपी प्रयागराज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन नैनी जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 4 के प्रथम निकास द्वार के रैंम्प के पास से धारा 305(सी), 317(2) बीएनएस से संबंधित एक अदद चोरी का मोबाइल अभियुक्त कैफ निवासी खनवानाला चेतगंज थाना कटरा कोतवाली जनपद मिजार्पुर के कब्जे से बरामद कर पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

## हत्या के प्रयास में युवक गिरफ्तार, पिस्टल कारतूस व स्कूटी बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज थाना पुलिस द्वारा धारा 115(2)/352/351(3)/109(1) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित अभियुक्त लकी पाण्डेय निवासी 744/ए मीरा गली थाना दारागंज जनपद प्रयागराज को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए युवक के पास से घटना में प्रयुक्त एक अवैध पिस्टल, कारतूस और एक स्कूटी बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग मे धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी तथा स्कूटी को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज की गयी।

पुलिस ने बताया कि सक्षम शर्मा निवासी 304/273 मालवीय नगर थाना मुट्ठीगंज जनपद प्रयागराज द्वारा थाने में सूचना दी गयी कि अभियुक्तों द्वारा उनके तथा उनके मित्र के साथ मारपीट की गयी। उनके ऊपर फायर कर घायल कर दिया गया। सूचना पर थाना मुट्ठीगंज पुलिस द्वारा घायलो को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। तहरीर के आधार पर धारा 115(2)/352/351(3)/109(1) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। मुखबिर की सूचना पर सोमवार को पुलिस ने लकी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से सहयोगियों संग मिले शिव प्रसाद मिश्र, काफी देर हुई मंत्रणा



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शिव प्रसाद मिश्र ने सहयोगियों के साथ मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य ने पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवप्रसाद मिश्र एवं अन्य उनके सहयोगियों का कुशल क्षेम जाना। काफी देर तक मंत्रणा हुई। क्षेत्रीय समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। शिव प्रसाद मिश्र, संजय तिवारी जिलाध्यक्ष गंगापार प्रयागराज, संतोष मिश्रा, संजय पांडेय से भी हालचाल जाना।

## दिनदहाड़े महिलासे चेन छिनैतीके तीन बदमाश गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज ।** शिवकुटी थाना क्षेत्र में पांच मार्चको दिन दहाड़े परिवार के साथ ई-रिक्शा से जा रही महिलासे चेन छिनैती के बाइक सवार तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित शालू निवासी पड़िला थरवई, सोमेश पाण्डेय निवासी डीग्धी पडिला थरवई एवं बादशाह निवासी पड़िला थरवई है। आरोपितों के पास से छिनैती की चेन के तीन टुकडे, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गयी है। आरोपितों की पहचान सीसीटीवी वैष्मरे से हुई है।

शिवकुटी थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि गाजीपुर के अमसपुर के रहने वाले राधेश्याम राय अपनी पत्नी व बच्चे के साथ पाच मार्च को ई-रिक्शा से जार हे थे तभी दिन में करीब तीन बजे मजार चौराहे के कुछ ही दूरी पर जोगिन्दरसिंह द्वार के पास बाइक सवार तीन बदमाश उनकी पत्नी के गले से चेन छीनकर भाग गये थे। पुलिस टीम सीसीटीवी वैष्मरों की मदद से बदमाशों की तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने रीवर प्रष्टंट रामजानकी मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## फूलपुर के भोजपुरी गायक विकास मिश्रा का जलवा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** शहर में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान भाजपा सांसद व भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने मंच से फूलपुर निवासी भोजपुरी गायक विकास मिश्रा का नाम लेकर उनका उल्लेख किया। मंच से नाम पुकारे जाने पर कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने तालियाँ बजाकर उनका स्वागत किया।



इस होली मिलन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय लोगों की अच्छी-खासी उपस्थिति रही।

फूलपुर क्षेत्र के निवासी विकास मिश्रा भोजपुरी संगीत से जुड़े हुए हैं और भाजपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ में पदाधिकारी भी हैं। वे लंबे समय से सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। प्रयागराज और आसपास के जिलों में जब भी मनोज तिवारी का कोई कार्यक्रम आयोजित होता है, वहाँ उनकी उपस्थिति अक्सर देखने को मिलती है।होली मिलन समारोह के दौरान नेताओं और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्सव का माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को भाईचारे व सौहार्द के साथ त्योहार की बधाई दी।

## अखिल भारतीय श्री कृष्ण चेतना संस्थान में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान,में उमड़ा जनसमूह

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फाफामऊ (प्रयागराज)।** अखिल भारतीय श्रीकृष्ण चेतना संस्थान, श्रीकृष्णपुरम गद्दोपुर फाफामऊ में सद्भावना मिलन एवं अति वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष जय नाथ यादव ने की, जबकि संचालन जीत लाल यादव एवं एम.पी. यादव ने किया। महामंत्री राम कुमार यादव एवं डॉ. विनीता यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



समारोह की शुरूआत हास्य कवियों(बिहारी लाल अंबर, विक्टर सुल्तानपुरी, नागेंद्र नागमणि,माखन, विकास बंजारा, सौरभ खान)द्वारा होली के गीतों से हुई, वहीं छोटी-छोटी बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अति वरिष्ठ नागरिकों को शॉल, मोमेंटो और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर वरिष्ठजन काफी प्रसन्न नजर आए। आयोजन सामाजिक सद्भाव और आपसी जुड़ाव का प्रेरक अवसर साबित हुआ।इस अवसर पर आर.एन. यादव, इंजीनियर आर.के. यादव, विंग कमांडर इंद्र बहादुर यादव, शिव केशव सिंह, लाल साहब, नवनीत सिंह, योगेश यादव, डॉ. नीरज सिंह, डॉ. पंकज यादव, डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव, जे एन यादव, डॉ राममूर्ति सिंह, अमृत सिंह यादव, रामवृक्ष सिंह, सीता राम यादव,मनमोहन सिंह यादव, दूधनाथ पटेल, डॉ. कपिल जायसवाल, अंजना, पूर्णिमा, प्रार्थना यादव,बब्बन कुशवाहा, पन्ना लाल पाल सहित संस्थान की वर्तमान व पूर्व कार्यकारिणी के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों एव उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त डॉक्टर धर्मराज यादव कोषध्यक्ष ने किया।

## लूट का आरोपी गिरफ्तार लूटी गई चाबी पिस्टल

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज ।** थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा दिनांक-24.02.2026 को थाना माण्डा क्षेत्रान्तर्गत चकडीहा पंचायत भवन के पास घटित लूट की घटना से संबंधित अभियुक्त छैलाबाबु पुत्र सुरेश सरोज निवासी बरेज श्रृगवेरपुर थाना नवाबगंज प्रयागराज को दिनांक 15.03.2026 को मस्तान शाह पहाड़ी के पास थाना क्षेत्र माण्डा से गिरफ्तार किया गया ।कब्जे से घटना में लूटी गयी पीड़ित की दुकान की चाभियां व 01 अवैध देशी पिस्टल मय मैगजीन बरामद किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

दिनांक 24.02.2026 को मुकदमा वादी रंजीत कुमार सोनी पुत्र स्व0 पन्नालाल सोनी नि0 वार्ड नं0-3, नई बाजार भारतगंज, थाना माण्डा जनपद प्रयागराज के द्वारा थाना स्थानीय पर दिये गये प्रार्थना पत्र बावत बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के भाई प्रदीप कुमार सोनी को असलहे की बट से सिर पर हमला कर लूट की घटना कारित की गयी । उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-41/2026 धारा




309(6)/351(3) बीएनएस बनाम बाइक पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीकृत किया गया ।

दिनांक-03.03.2026 को गठित पुलिस टीमों द्वारा मुकदमा उपरोक्त का अनावरण करते हुए लूट की घटना में संलिप्त प्रकाश में आये अभियुक्त अंकित गौतम पुत्र फूलचन्द्र को पीड़ित से लूटी हुई रिवॉल्वर के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

मुकदमा उपरोक्त में विवेचना से अंशू दुबे पुत्र गिरजाशंकर दुबे नि0 कसारी कोड़हार, अतरमपुर थाना नवागंज प्रयागराज 2.छैला बाबू सरोज पुत्र सुरेश सरोज उपरोक्त का नाम भी प्रकाश में आया था, जिसमे से अभियुक्त अंशू दुबे उपरोक्त द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया गया, जो वर्तमान में जिला कारागार में निरुद्ध है । फरार अभियुक्त छैला बाबू सरोज उपरोक्त को रविवार को थाना माण्डा पुलिस टीम द्वारा घटना में लूटी गयी पीड़ित की दुकान की चाभियां व 01 अवैध देशी पिस्टल मय मैगजीन के साथ गिरफ्तार किया गया ।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा, थाना माण्डा. उ0नि0 चन्द्रपाल सिंह. उ0नि0 विक्की कुमार गुप्ता, थाना माण्डा कमिश्नरेट प्रयागराज।

## पेंशनर्स 25 को मनाएंगे काला दिवस

### गवर्नमेंट पेंशनर्स की बैठक में लिया गया निर्णय

### 80 वर्ष से अधिक आयु के 28 सदस्य,2 देहदानी होगे सम्मानित

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** गवर्नमेंट पेंशनर्स की बैठक पूर्व मण्डलायुक्त आर एस वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन में हुई। बैठक में, वित्त अधिनियम जिसके वेलिडेशन क्लॉज के द्वारा पेंशन नियमो में परिवर्तन किया गया और सरकार ने मनमाने ढंग से पेंशनधारकों के बीच तिथि के अनुसार भेद करने का अधिकार प्राप्त कर लिया उसके लोक सभा से पास हुए 1 वर्ष पूरा होने की तिथि 25 मार्च को काला दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया है। उस दिन पेंशनर्स अपनी बांह में काली पट्टी बंधेंगे और बैठक कर सरकार का विरोध प्रदर्शन करेंगे।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन 3 अप्रैलको के पी गर्ल्स इंटर कालेज में होगा,जिसमे 80 वर्ष से अधिक आयु के 28 सदस्यों को और 2 देहदानी सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। 3 सर्वश्रेष्ठ सेक्टरों को,3 सर्वाधिक नये सदस्य बनाने वालो को और 12 मेधावी छात्राओं को पुरुस्कृत किया जाएगा। इस दौरान गीत संगीत का कार्यक्रम होगा।

पूर्व मण्डलायुक्त आर एस वर्मा ने कहा कि विभिन्न सेक्टरों की ओर से पेंशनर्स के सहयोग के लिए किये जा रहे कार्यो की समीक्षा भी की गई जिसमें चौक ,करेली, कटरा, राजरूपपुर,कीडगंज और टैगोर टाउन सेक्टर का कार्य पिछड़ा हुआ पाया गया।वहा मीटिंग कराने पर जोर दिया गया।

पूर्व मण्डलायुक्त आर एस वर्मा ने कहा कि मार्च माह में जन्मे सदस्यो को सम्मानित किया गया जिसमे सबसे प्रमुख इलाहाबाद के पूर्व मंडलायुक्त बी के सिंह है। बैठक में डॉ पीके सिन्हा, बी के सिंह, डॉ वीके श्रीवस्तव,भगवती प्रसाद, आर डी कुशवाहा, मनमोहन सिंह,जयश्री श्रीवस्तव, प्रीता बाजपेई,किरण बाला पांडे, गीता सिंह, साधु शरण उपाध्याय, अरविंद जयसवाल,आर डी प्रसाद,अरुण कुमार, ईश्वर लाल, संतोष कुमार श्रीवास्तव, हरीश कुमार सक्सेना, आर बी शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## इंटेक वेल में गिरकर जलकल के इलेक्ट्रिशियन की मौत

### कार्य के दौरान हुआ हादसा, घर में बेटी की शादी की चल रही थी तैयारी

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** करेली के करेलाबाग स्थित जल संस्थान वॉटर पंपिंग स्टेशन पर सोमवार दोपहर कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इंटेक वेल में गिरने से जलकल विभाग के इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गई। साथियों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। हादसे की खबर मिलते ही परिवार और विभाग में शोक की लहर दौड़ गई।

मिली जानकारी के अनुसार जल संस्थान में तैनात इलेक्ट्रिशियन औरंगजेब (58) सोमवार दोपहर पंपिंग स्टेशन पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह इंटेक वेल में गिर पड़े। साथियों ने उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### गाजीपुर के रहने वाले थे औरंगजेब

औरंगजेब मूल रूप से गाजीपुर जिले के जमनिया थाना क्षेत्र के देवता गांव के निवासी थे। वह परिवार के साथ करेली के करेलाबाग स्थित जल संस्थान वॉटर पंपिंग स्टेशन परिसर में रहते थे। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

सात अप्रैल को होनी थी बेटी की शादी परिजनों के अनुसार औरंगजेब की बेटी की शादी सात अप्रैल को तय थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन हादसे के बाद खुशियां मातम में बदल गईं। घटना के बाद परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

## डीएम ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रभावी ढंग सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

### कार्य में शिथिलता व लापरवाही बरतने वाले वेण्डरों का अनुबंध किया जाएगा समाप्त

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को एनआईसी सभागार में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वेण्डर चयन के उपरांत वेण्डर के स्तर पर लम्बित आवेदन, बिजली विभाग में नाम, लोड, बिजली का बिल इत्यादि संशोधन से सम्बंधित लम्बित प्रकरण, विद्युत विभाग के अन्तर्गत निरीक्षण हेतु लम्बित प्रकरण एवं स्मार्ट मीटर से सम्बंधित प्रकरण, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत बैंक स्तर पर लोन निर्गत, पार्शियल पेमेण्ट सम्बंधित लम्बित प्रकरणों के बारे में विस्तार से समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने प्रभारी पीओनेडा से पीएम सूर्यघर योजना के प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस पर बताया गया कि सोमवार तक 27, 837 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 13,058 लोगों के यहां सोलर पैनल का इंस्टालेशन हो




चुका है। बताया गया कि अभी 14779 आवेदनों में इंस्टालेशन का कार्य होना शेष है। जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभारी पीओ नेडा को विद्युत विभाग व बैंक के अधिकारियों एवं पीएम सूर्यघर योजना व क्लीन एनर्जी का वेण्डरों एवम लक्षित विभाग के साथ बैठक कर पेंडेसी को समाप्त करने और उपभोक्ताओं का चिन्हांकन करने के लिए कहा है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक वेण्डर को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का जो लक्ष्य तय किया गया है, उस लक्ष्य के अनुसार हर घर में सोलर सिस्टम लगाने के लिए प्राथमिकता पर कार्यवाही करें। उन्होंने विद्युत विभाग के सभी अधिकारियों को उनके स्तर पर पीएम सूर्यघर योजना से सम्बंधित लम्बित सभी पेण्डेंसी को अभियान चलाकर प्राथमिकता पर निस्तारित करते हुए ज्यादा से ज्यादा सोलर कनेक्शन कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के वेण्डरों के द्वारा सोलर सिस्टम लगाये जाने में अच्छा काम करने वाले वेंडरों को प्रमोट करें इस अवसर पर पीओ नेडा कोमिल द्विवेदी, विद्युत विभाग के अधिकारी, बीडीओ, डीपीओ, बीएसए एलडीएम सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जागरूक उपभोक्ता ही है सुरक्षित बाजार की नींव



योगेश कुमार गोयल

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उपभोक्ता आन्दोलन की नींव सबसे पहले 15 मार्च 1962 को अमेरिका में रखी गई थी और 15 मार्च 1983 से यह दिवस इसी दिन निरन्तर मनाया जा रहा है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया।

जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, नाप-तोल में गड़बड़ी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी अथवा वारंटी के बावजूद सेवा प्रदान नहीं करना इत्यादि समस्याओं से ग्राहकों का सामना अक्सर होता रहता है। ऐसी ही समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ह्यसुरक्षित उत्पाद, आश्वस्त उपभोक्ताह्न विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह वैश्विक पहल उत्पाद सुरक्षा, उपभोक्ता जागरूकता और मजबूत नियमों की आवश्यकता पर जोर देती है।




विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उपभोक्ता आन्दोलन की नींव सबसे पहले 15 मार्च 1962 को अमेरिका में रखी गई थी और 15 मार्च 1983 से यह दिवस इसी दिन निरन्तर मनाया जा रहा है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। वैसे बाजार में उपभोक्ताओं का शोषण होना कोई नई बात नहीं है बल्कि उपभोक्ताओं के शोषण की जड़ें आज बहुत गहरी हो चुकी हैं। उपभोक्ताओं को इस शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून भी बनाए गए लेकिन जब से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित एवं कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियां व प्रतिष्ठान अपनी सेवाओं अथवा उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के प्रति सचेत हुए।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए देश में 20 जुलाई 2020 को ह्यउपभोक्ता संरक्षण कानून-2019ह्न (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान हैं। यह कानून अब साढ़े तीन दशक पुराने ह्यउपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986ह्न का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतें उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कितना बड़ा काम कर रही हैं। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हजार्ना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया।

ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना ही पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका एक प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है लेकिन जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो आश्चर्य होता है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढ़ंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यही नहीं, उपभोक्ता अदालतों से न्याय पाने के लिए न तो किसी प्रकार के अदालती शुल्क की आवश्यकता पड़ती है और मामलों का निपटारा भी शीघ्र होता है।

## संपादकीय

### संकट में ऊर्जा

ऊर्जा संकट का आर्थिक प्रभाव भी कम गंभीर नहीं होता। ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। परिवहन, उद्योग और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। इसलिए ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता के लिए चुनौती बन सकती है। आज की दुनिया को अक्सर 'वैश्विक गांव' कहा जाता है। तकनीक, व्यापार और संचार के विस्तार ने देशों को इतना परस्पर जुड़ा हुआ बना दिया है कि विश्व के किसी भी हिस्से में घटित घटना का प्रभाव सीमाओं से परे जाकर अन्य देशों तक पहुंच जाता है। पश्चिम-एशिया में हाल ही में बढ़े सैन्य तनाव और युद्ध की स्थिति ने इस वास्तविकता को एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और उसके बाद उत्पन्न भू-राजनीतिक संकट ने केवल क्षेत्रीय सुरक्षा को ही नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता को भी प्रभावित किया है। इसका असर भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देशों पर विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया विश्व की ऊर्जा राजनीति का केंद्र माना जाता है। तेल और गैस के विशाल भंडार के कारण यह क्षेत्र दशकों से वैश्विक अर्थव्यवस्था की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता रहा है, लेकिन जब भी इस क्षेत्र में संघर्ष या अस्थिरता पैदा होती है, तो उसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। वर्तमान संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में बाधा उत्पन्न हुई है, जिसका प्रभाव कई देशों के साथ-साथ भारत पर भी दिखाई देने लगा है। भारत में 'एलपीजी' (लिक्वीफाइड पैट्रोलियम गैस) गैस-सिलेंडरों की आपूर्ति में देरी, बुकिंग की अवधि में वृद्धि और होटल-रेस्टोरेंट उद्योग में गैस की कमी जैसी समस्याएं इसी व्यापक संकट की ओर संकेत करती हैं। भारत की ऊर्जा संरचना को समझे बिना इस समस्या की गंभीरता को नहीं समझा जा सकता। भारत विश्व के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है, लेकिन उसकी घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता अभी भी सीमित है। 'एलपीजी' की मांग का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है और इन आयातों का अधिकांश भाग पश्चिम एशियाई देशों से आता है। ऐसी स्थिति में यदि उस क्षेत्र में युद्ध या परिवहन मार्गों में बाधा उत्पन्न होती है, तो उसका सीधा प्रभाव भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ना स्वाभाविक है। भारत में रसोई गैस केवल एक घरेलू ईंधन नहीं रह गई है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। पिछले दशक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों परिवारों को 'एलपीजी' कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम हुई है, लेकिन इस बढ़ती सहूलियत के साथ-साथ आयात पर बढ़ती निर्भरता भी एक चुनौती बनकर सामने आई है। यदि वैश्विक संकट के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो इसका असर केवल घरों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि छोटे व्यापार, होटल-रेस्टोरेंट उद्योग और खाद्य क्षेत्र पर भी पड़ता है।

## चिंतन-मनन

### जीव है आध्यात्मिक स्फुलिंग

भगवद्गीता में भगवान ने बताया गया है कि जीव भौतिक शरीर नहीं है। वह आध्यात्मिक स्फुलिंग है और परम सत्य परम पूर्ण है। उन्होंने जीव को परम पूर्ण का अंश बताते हुए पूर्ण पर ही ध्यान लगाने की सलाह दी है। कहते हैं कि जो मनुष्य भौतिक शरीर का त्याग करते समय कृष्ण का ध्यान करता है, वह तुरंत कृष्ण के धाम को चला जाता है। भगवान स्पष्ट कहते हैं कि योगियों में से, जो भी अपने अन्तःकरण में निरंतर कृष्ण का चिन्तन करता है, वही परम सिद्ध माना जाता है। इसका यही निष्कर्ष है कि मनुष्य को कृष्ण के सगुण रूप के प्रति अनुरक्त होना चाहिए, क्योंकि वही चरम आत्म-साक्षात्कार है। इतने पर भी ऐसे लोग हैं जो कृष्ण के साकार रूप के प्रति अनुरक्त नहीं होते। वे परम सत्य के उस निराकार रूप का ही ध्यान करना श्रेष्ठ मानते हैं, जो इन्द्रियों की पहुंच के परे है तथा अप्रकट है।

इस तरह सचमुच में अध्यात्मवादियों की दो श्रेणियां हैं। अर्जुन यह निश्चित कर लेना चाहता है कि कौन सी विधि सुगम है और इन दोनों श्रेणियों में से कौन सर्वाधिक पूर्ण है। दूसरे शब्दों में, वह अपनी स्थिति स्पष्ट कर लेना चाहता है, क्योंकि वह कृष्ण के सगुण रूप के प्रति अनुरक्त है। वह निराकार ब्रह्म के प्रति आसक्त नहीं है। वह जान लेना चाहता है कि उसकी स्थिति सुरक्षित तो है! निराकार स्वरूप, चाहे इस लोक में हो, चाहे भगवान के परम लोक में, ध्यान के लिए समस्या बना रहता है।

वास्तव में कोई भी परम सत्य के निराकार रूप का ठीक से चिन्तन नहीं कर सकता। अतः अर्जुन कहना चाहता है कि इस तरह से समय गंवाने से क्या लाभ? अर्जुन को अनुभव हो चुका है कि कृष्ण के साकार रूप के प्रति आश्वसक्त होना श्रेष्ठ है, क्योंकि इस तरह वह एक ही समय अन्य सारे रूपों को समझ सकता है और कृष्ण के प्रति उसके प्रेम में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं पड़ता। अतः अर्जुन द्वारा कृष्ण से इस महत्वपूर्ण प्रश्न के पूछे जाने से परम सत्य के निराकार तथा साकार स्वरूपों का अन्तर स्पष्ट हो जाएगा।

# तेल-गैस संकट के समय आत्मनिर्भर क्यों नहीं बने?



सौरभ वार्ष्णेय




दुनिया में जब भी मध्य-पूर्व में तनाव या युद्ध की स्थिति बनती है, तब सबसे पहले तेल-गैस की कीमतों पर असर पड़ता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करते हैं, ऐसे समय में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर इतने वर्षों बाद भी भारत तेल-गैस के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर क्यों नहीं बन पाया?

सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत के पास सीमित प्राकृतिक तेल-गैस भंडार हैं। देश में कुछ क्षेत्रों–जैसे समुद्री तटों और पूर्वोत्तर राज्यों–में तेल-गैस मिलती है, लेकिन यह हमारी बढ़ती जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। आज भी भारत अपनी लगभग 80-85 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरत विदेशों से आयात करता है। दूसरा कारण यह है कि ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक विकास, बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या में तेजी से वृद्धि के कारण तेल-गैस की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। घरेलू उत्पादन इस गति से नहीं बढ़ पाया।तीसरा कारण नीतिगत और तकनीकी चुनौतियां भी रही हैं। कई बार तेल-गैस की खोज और उत्पादन के लिए पर्याप्त निवेश, आधुनिक तकनीक और निजी क्षेत्र की भागीदारी समय पर नहीं बढ़ पाई। इसके कारण संभावित भंडारों का पूरा उपयोग नहीं हो सका। हालांकि, हाल के वर्षों में सरकार ने आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देना, जैव-ईंधन (एथेनॉल) का उपयोग बढ़ाना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना और नए तेल-गैस क्षेत्रों की खोज करना इसी दिशा के प्रयास हैं।स्पष्ट है कि तेल-गैस में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करना आसान नहीं है, लेकिन ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों और घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर भारत अपनी निर्भरता जरूर कम कर सकता है। यही भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा का रास्ता भी है।

**ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों और घरेलू उत्पादन कैसे बढ़ाएँ**

देश में बार-बार उभरने वाला तेल-गैस संकट यह संकेत देता है कि केवल आयातित ऊर्जा पर निर्भर रहना लंबे समय तक सुरक्षित रणनीति नहीं हो सकती। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढने या भू-राजनीतिक तनाव होने पर देश की अर्थव्यवस्था तुरंत प्रभावित हो जाती है। ऐसे में ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देना और घरेलू उत्पादन को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।सबसे पहले, सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों का तेजी से विस्तार करना होगा। भारत भौगोलिक रूप से सौर ऊर्जा के लिए बेहद अनुकूल देश है। अगर गांव-गांव में रूफटॉप सोलर प्लांट और बड़े सौर पार्क स्थापित किए जाएँ तो बिजली उत्पादन का बड़ा हिस्सा स्वदेशी और स्वच्छ स्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है। इसी तरह तटीय क्षेत्रों और खुले मैदानों में पवन ऊर्जा की अपार संभावनाएँ हैं।दूसरा महत्वपूर्ण कदम घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने का है। इसके लिए नई खोज, आधुनिक तकनीक और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। समुद्री क्षेत्रों और कठिन भौगोलिक इलाकों में ऊर्जा संसाधनों की खोज के लिए सरकार को स्पष्ट नीतियाँ और आसान नियम बनाने होंगे, ताकि घरेलू उत्पादन में तेजी आ सके।इसके साथ-साथ जैव ईंधन, ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों को भी ऊर्जा नीति का अहम हिस्सा बनाना होगा। एथेनॉल मिश्रण, बायोगैस प्लांट और कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन जैसे प्रयास न केवल ऊर्जा संकट को कम करेंगे बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक हो सकते हैं।अंततः ऊर्जा आत्मनिर्भरता केवल सरकारी नीतियों से ही नहीं, बल्कि जनभागीदारी से भी संभव है। ऊर्जा की बचत, सौर ऊर्जा अपनाने और स्वच्छ तकनीक के उपयोग में आम नागरिक की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि सरकार, उद्योग और समाज मिलकर प्रयास करें तो भारत न केवल ऊर्जा संकट से उबर सकता है, बल्कि आने वाले वर्षों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम भी बढ़ा सकता है।

घरेलू उत्पादन कैसे बढ़ाएँ

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, तेल-गैस संकट और आपूर्ति श्रृंखला में बार-बार आने वाली बाधाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी देश की आर्थिक मजबूती का आधार उसका मजबूत घरेलू उत्पादन होता है। यदि भारत को दीर्घकालीन आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता हासिल करनी है, तो घरेलू उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले लघु, कुटीर और मध्यम उद्योगों को मजबूत करना आवश्यक है। यही क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार पैदा करता है और स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ाता है। सरकार को इन उद्योगों को सस्ती पूंजी, तकनीकी सहायता और आसान नियम उपलब्ध कराने चाहिए।दूसरा महत्वपूर्ण कदम कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देना है। यदि कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण देश में ही बड़े पैमाने पर होगा, तो किसानों की आय भी बढ़ेगी और आयात पर निर्भरता भी कम होगी।तीसरा, तकनीक और नवाचार को उत्पादन से जोड ?ा जरूरी है। आधुनिक मशीनों, डिजिटल तकनीक और अनुसंधान के माध्यम से उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बढ़ाई जा सकती हैं।इसके अलावा सरकार को स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। च्लोकल फॉर वोकलज्ञ जैसी पहल तभी सफल होगी जब उपभोक्ता भी स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें।घरेलू उत्पादन बढ़ाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उद्योग, किसान और उपभोक्ता–सभी की साझा भागीदारी से ही यह संभव है। यदि सही नीतियों और जनसहयोग के साथ प्रयास किए जाएँ, तो भारत न केवल अपनी जरूरतें पूरी कर सकेगा बल्कि वैश्विक बाजार में भी मजबूत स्थान बना पाएगा।

# युद्ध काल में ऊर्जा संकट भारत की संतुलित रणनीति



सौरभ वार्ष्णेय

वैश्विक परिपेक्ष में आज विश्व ऐसे दौर से गुजर रही है।जहाँ युद्ध,ऊर्जा संकट,आपूर्ति श्रृंखला की अस्थिरता और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा ने वैश्विक अर्थव्यवस्था और कूटनीति को नए सिरे से परिभाषित करना शुरू कर दिया है। ऐसे समय में भारत सरकार द्वारा आयोजित अंतरझमंत्रालयी प्रेस कॉन्फ्रेंस केवल प्रशासनिक जानकारी साझा करने का मंच नहीं थी,बल्कि यह उस व्यापक राष्ट्रीय दृष्टि का संकेत भी थी।जिसके माध्यम से भारत बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए एक संतुलित और जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी भूमिका को स्पष्ट कर रहा है।विदेश,पेट्रोलियम, वाणिज्य और ऊर्जा से जुड़े मंत्रालयों के प्रतिनिधियों ने वैश्विक युद्ध परिस्थितियों,ऊर्जा बाजार की अनिश्चितताओं, अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों और भारत की दीर्घकालिक रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी।यह स्पष्ट किया गया कि वर्तमान समय में वैश्विक राजनीति का केंद्र केवल सैन्य शक्ति नहीं रहा,बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला, प्रौद्योगिकी और बहुपक्षीय कूटनीति भी उतने ही महत्वपूर्ण कारक बन चुके हैं।

आज दुनिया जिस सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रही है,युद्ध की बढ़ती विभीषिका।विशेष रूप से रूस - यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे स्तर पर प्रभावित किया है।फरवरी 2022 में शुरू हुआ यह संघर्ष अब केवल दो देशों के बीच सीमित युद्ध नहीं रह गया,बल्कि उसने ऊर्जा बाजार, खाद्यान्न आपूर्ति और वैश्विक व्यापार मार्गों को प्रभावित किया है। यूरोप में गैस संकट पैदा हुआ, अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव आया और कई देशों की मुद्रास्फीति दरें तेजी से बढ़ीं। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार इस युद्ध के कारण वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।

भारत पर भी इन परिस्थितियों का अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा।भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है और प्राकृतिक गैस की बड़ी मात्रा भी विदेशों से आती है।ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों की अस्थिरता का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था,परिवहन लागत और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ सकता है। यही कारण है कि भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को अपनी राष्ट्रीय नीति के प्रमुख स्तंभ के रूप में स्थापित किया है।भारत की ऊर्जा रणनीति का एक महत्वपूर्ण पहलू विविध स्रोतों से आयात सुनिश्चित करना है।पिछले कुछ वर्षों में भारत ने तेल आयात के अपने स्रोतों का विस्तार किया है और विभिन्न देशों के साथ ऊर्जा सहयोग को मजबूत किया है।इस संदर्भ में रूस से रियायती दरों पर कच्चे तेल की खरीद ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2021 में जहाँ भारत के कुल तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी बहुत कम थी,वहीं 2024-25 तक यह बढ़कर लगभग 35 प्रतिशत के आसपास पहुँच गई। इससे भारत को अंतरराष्ट्रीय बाजार की ऊँची कीमतों से काफी राहत मिली।

इसी प्रकार पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी भारत के ऊर्जा संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं।सऊदी अरब,संयुक्त अरब अमीरात और कतर जैसे देशों के साथ दीर्घकालिक तेल और गैस आपूर्ति समझौते भारत की ऊर्जा नीति की स्थिरता को सुनिश्चित करते हैं। कतर भारत को तरलीकृत प्राकृतिक गैस (छठझ) का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है और भारत की गैस आधारित ऊर्जा संरचना में उसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।ऊर्जा सुरक्षा के साथ-साथ भारत स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।सौर ऊर्जा,पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है।भारत का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता स्थापित करना है।इस दिशा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी बढ़ रहा है और भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभाने की दिशा में अग्रसर है।विदेश नीति के स्तर पर भारत ने जिस संतुलित दृष्टिकोण को अपनाया है, वह वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में विशेष महत्व रखता है।रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारत ने किसी एक पक्ष का खुला समर्थन करने के बजाय संवाद और कूटनीतिक समाधान पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर भारत ने बार-बार यह कहा कि युद्ध किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता और सभी पक्षों को बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशना चाहिए।यह संतुलित नीति भारत को पश्चिमी देशों और रूस दोनों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखने की क्षमता देती है।एक ओर भारत के रणनीतिक संबंध अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ लगातार मजबूत हो रहे हैं,वहीं दूसरी ओर रूस के साथ रक्षा और ऊर्जा सहयोग भी जारी है।यही बहु-आयामी कूटनीति आज की बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रही है।वैश्विक मंचों पर भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है।विशेष रूप से इफ्क्चर समूह में भारत की सक्रियता इस दिशा में महत्वपूर्ण है। ब्रिक्स - जिसमें ब्राजील, रूस, भारत,चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं -आज वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत करने वाला प्रमुख मंच बन चुका है। इस समूह का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था को अधिक संतुलित और समावेशी बनाना है।ब्रिक्स देशों की कुल आबादी विश्व की लगभग 40 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करती है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में इनकी हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है।हाल के वर्षों में इस समूह ने नई विकास बैंक के माध्यम से विकासशील देशों में अवसंरचना परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने की पहल भी की है।भारत इस मंच का उपयोग वैश्विक दक्षिण की विकास आवश्यकताओं को अंतरराष्ट्रीय नीति विमर्श के केंद्र में लाने के लिए कर रहा है।

अंतरझमंत्रालयी प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी स्पष्ट किया गया कि भारत की राष्ट्रीय नीति केवल तत्काल संकटों से निपटने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य दीर्घकालिक आर्थिक और रणनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना है।ऊर्जा अवसंरचना के विस्तार,रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार की क्षमता बढ़ाने, गैस पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश जैसे कदम इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा हैं।भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को भी मजबूत किया है।देश में विशाखा पत्तनम,मंगलुरु और पादुर जैसे स्थानों पर भूमिगत तेल भंडारण सुविधाएँ विकसित की गई हैं,जो आपातकालीन परिस्थितियों में देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आज जब दुनिया अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रही है,तब भारत की नीति का मूल आधार संतुलन, व्यावहारिकता और दीर्घकालिक दृष्टि है।युद्ध की विभीषिका,ऊर्जा संकट और आर्थिक अस्थिरता के बीच भारत ने यह स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए भी वैश्विक सहयोग और शांति को प्राथमिकता दी जा सकती है।

अंतरझमंत्रालयी प्रेस कॉन्फ्रेंस का संदेश भी यही था कि बदलती विश्व व्यवस्था में भारत केवल एक दर्शक नहीं है, बल्कि वह सक्रिय भागीदार के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। ऊर्जा सुरक्षा से लेकर वैश्विक कूटनीति तक,भारत एक ऐसी रणनीति पर आगे बढ़ रहा है जिसमें राष्ट्रीय विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग दोनों के लिए समान स्थान है।यह वही दृष्टि है जो आने वाले वर्षों में भारत को केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था ही नहीं,बल्कि एक स्थिर,विश्वसनीय और जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर सकती है।

## सप्ताह भर बाद भी होलागढ़ पुलिस ने नाबालिक को नहीं कर पाई बरामद

**आरोपी परिजनों पर बना रहे हैं समझौता का दबाव**

**होलागढ़।** सप्ताह भर पहले एक नाबालिक को गांव के ही युवक ने अपहरण कर भाग ले गया था। परिजनों की तहरीर पर अफसर के निर्देश पर होलागढ़ पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया, पर घटना के 7 दिनों बाद भी अभी तक नाबालिक को बरामद कर नहीं पाई और न ही आरोपी को गिरफ्तार कर पाई। परिजनों ने सोमवार को पुलिस आयुक्त से प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई।

होलागढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक बालिका का 10 मार्च को बहला फुसलाकर कर भाग ले गया परिजनों की तहरीर पर होलागढ़ पुलिस ने अरविंद विश्वकर्मा के खिलाफ नाम मुकदमा दर्ज कराया पर घटना के 7 दिन बाद भी होलागढ़ पुलिस अभी तक ना तो नाबालिक को बरामद की ना ही आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं परिजनों का आरोप है कि होलागढ़ पुलिस पैसा लेकर आरोपियों की मदद करने में जुटी है और मेरी नाबालिक पुत्री को बरामद नहीं कर रही हैं।

सोमवार को परिजनों ने अधिवक्ता शुभम सिंह के नेतृत्व में प्रार्थना पत्र देकर अपनी नाबालिक बालिका को बरामद करने की मांग की।

## ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में साइकिल से खेत फसल की कटाई करने जा रहे किसान को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हमीरपुर में गैस गोदाम और होटल में छापेमारी, स्टॉक में मिली गड़बड़ी

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश शुक्ला ने रविवार को इंडियन ग्रामीण गैस वितरक के गोदाम से लेकर होटल व सीएससी सेंटर में छापेमारी की है। छापेमारी में ढाई सौ गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का मामला पकड़ा गया है।

रविवार को जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश शुक्ला के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक अभय उपाध्याय व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व दो अन्य अधिकारियों की टीम ने सुमेरपुर थाना क्षेत्र के पत्यौरा गांव में सीएचसी सेंटर पर छापेमारी में सात घरेलू भरे हुए गैस सिलेंडर विभिन्न कंपनियों के बरामद हुए है। यहीं से पांच छोटे गैस सिलेंडर भी बरामद किए गए है। गांव में एक चक्कीघर से सात गैस सिलेंडर भरे हुए बरामद किए गए है। उधर सुमेरपुर कस्बे के कमलेश तिराहा के पास इंडियन ग्रामीण गैस वितरक के गोदाम में छापेमारी में 230 गैस सिलेंडर स्टाक रजिस्टर में कम पाए गए। इसके साथ ही सुरौली बुजुर्ग व सुमेरपुर कस्बे में एक होटल संचालक के यहां छापेमारी में तीन घरेलू व तीन व्यवसायिक गैस सिलेंडर भरे हुए बरामद हुए है। जिन्हें कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कराई जा रही है।

## मीरजापुर : नवरात्र मेले से पहले नाविकों को मिली 5440 लाइफ जैकेट

**मीरजापुर।**
आगामी चैत्र नवरात्र मेला को देखते हुए विंध्याचल क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से बड़ी पहल की गई है। राज्य सरकार में सचिव राजस्व एवं राहत आयुक्त डॉ. ऋषिकेश भास्कर यशोद की ओर से मीरजापुर को कुल 5440 लाइफ जैकेट उपलब्ध कराई गई हैं।

# आत्महत्या का कारण डिप्रेशन, एक गंभीर समस्या : सतीश राय




**प्रयागराज।**
भारत में डिप्रेशन एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। आज की तेज रफ्तार जीवन शैली में लगातार काम का दबाव एवं असफलता एक गंभीर मानसिक विकार में बदल सकता है। मन का दुखी रहना, थकान, सुस्ती, नींद न आना और खुद को बेकार समझना, मन में आत्महत्या का विचार आना डिप्रेशन के लक्षण हो सकते हैं।

यह बातें सोमवार की सुबह एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान प्रयागराज रेकी सेंटर पर स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कही।

**--डिप्रेशन का सबसे बड़ा कारण है एकल परिवार**

उन्होंने कहा डिप्रेशन के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। डिप्रेशन (अवसाद) का सबसे बड़ा कारण है अकेलापन। भारत में संयुक्त परिवार का तेजी से घटना और एकल परिवार का बढ़ना है। एकल परिवार में स्वतंत्रता ज्यादा होती है और जरा सी परेशानी और असफलता तनाव, दबाव और भविष्य की असुरक्षा डिप्रेशन का कारण बनता है। जबकि संयुक्त परिवार में कई पीढ़ियों के सदस्य एक साथ रहते हैं। जिससे आपस में आर्थिक सुरक्षा भावनात्मक सहयोग से वह सुरक्षित महसूस करता है। इसलिए अकेलापन महसूस नहीं होता। अनुभव के आधार पर लिए गये फैसले से पूरा परिवार खुश रहता है।

**--डिप्रेशन का एक कारण असफलता भी**

सतीश राय ने कहा एकल परिवार (जिसमें सिर्फ पति-पत्नी और बच्चे हैं) ऑफिस परिवार या व्यवसाय में छोटी-छोटी बात पर नोंक-झोंक या असफलता व्यक्ति को अलग-थलग महसूस कराता है और यहीं से डिप्रेशन की शुरूआत होती है।

**--अदृश्य बीमारी है अकेलापन**

सतीश राय ने कहा अकेलापन शरीर के लिए हानिकारक है। यह अदृश्य बीमारी है जो धीरे-धीरे लोगों को बीमार कर रहा है। यह शरीर के लिए हानिकारक है। यह जान का साइलेंट दुश्मन है। रिश्तों की दूरियां अकेलेपन के लिए जिम्मेदार हो रही है। सफलता की लालच एवं एकल परिवार इसका सबसे बढ़िया उदाहरण है। 90% लोग अकेलापन महसूस करने के कारण डिप्रेशन में चले जाते हैं जो आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है।

**--जीवन में रिश्तों को दें महत्व**

सतीश राय ने कहा जैसे बीमारी का इलाज कराने अस्पताल जाते हैं, वैसे ही इसका इलाज करना बहुत जरूरी है। इससे बचने के लिए पति-पत्नी बच्चों के साथ अपने अन्य रिश्तों को भी समय दीजिए। अपने दोस्तों को समय दीजिए, स्पर्श ध्यान करिए और प्रसन्न रहिए। गई। फायर टीम ने तत्काल आग पर काबू पाया। गाड़ी को थाना बसई मोहम्मदपुर के गांव बरगदपुर निवासी करन सिंह चला रहे थे। उन्होंने बताया कि वह सवारियों को मथुरा दर्शन कराकर वापस फिरोजाबाद लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं है सभी लोग सुरक्षित है।

## गोबर गैस से जल रहे चूल्हे: औरैया के परवाह गांव ने पेश की आत्मनिर्भरता की मिसाल



**औरैया ।**
उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में भाग्यनगर ब्लॉक के ग्राम परवाह में ग्रामीणों ने आत्मनिर्भरता की एक अनोखी मिसाल पेश की है। देश के कई हिस्सों में जहां लोग एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़े दिखाई देते हैं, वहीं इस गांव के कई परिवार वर्षों से गोबर गैस का उत्पादन कर अपनी रसोई चला रहे हैं। गांव के लोगों ने स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए ऐसा मॉडल विकसित किया है, जिससे उन्हें गैस की कमी या बढ़ती कीमतों की चिंता नहीं रहती।

ग्रामीणों के अनुसार गांव में ही गोबर से गैस तैयार करने की व्यवस्था की गई है। इस गैस का उपयोग रोजमर्रा के भोजन बनाने में किया जाता है। इससे न केवल रसोई का काम आसान हो गया है, बल्कि आर्थिक रूप से भी यह काफी किफायती साबित हो रहा है।

गांव के लोगों का कहना है कि यदि गोबर गैस प्लांट की समय-समय पर सही तरीके से देखभाल की जाए, तो यह लंबे समय तक पर्याप्त गैस उपलब्ध कराता है।

गोबर गैस के इस्तेमाल से चूल्हे के धुएं से भी राहत मिलती है, जिससे रसोई का वातावरण साफ और स्वस्थ रहता है। साथ ही महिलाओं को धुएं से होने वाली परेशानियों से भी छुटकारा मिला है। ग्रामीण बताते हैं कि इस पहल की शुरूआत करीब दस वर्ष पहले गांव के कुछ किसानों ने की थी।

उन्होंने अपने घरों में भूमिगत टैंक बनाकर मवेशियों के गोबर से गैस तैयार करने का प्रयोग शुरू किया था।

शुरूआत में यह प्रयोग सीमित परिवारों तक ही था, लेकिन जब इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए तो धीरे-धीरे अन्य ग्रामीण भी इससे जुड़ते चले गए।

## बालिकाओं के लिए मुफ्त एचपीवी वैक्सीन स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध : जगदीश त्रिपाठी




**वाराणसी।**
उत्तर प्रदेश के वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महानगर महामंत्री जगदीश त्रिपाठी ने सोमवार को कहा कि भाजपा सरकार का विकास मॉडल केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं, बल्कि बेटियों के स्वास्थ्य व सुरक्षित भविष्य की प्रतिबद्धता से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि इस वक्त 1.15 करोड़ बालिकाओं को मुफ्त एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराने का लक्ष्य लिया गया है। जिसमें पार्टी कार्यकर्ता के रूप में हम सहयोग कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बालिकाओं को लग रही मुफ्त एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण कदम है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर 90 दिनों तक वैक्सीन उपलब्ध रहेगी। वाराणसी के हर एक परिवार से अपील है कि बालिकाओं को समय रहते वैक्सीन लगवाने के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाएं।

## विवाहिता का शव गेहूं के खेत मिला, पुलिस की चार टीमें जांच में जुटी





**अमेठी।**
उत्तर प्रदेश में मीरजापुर जिले के गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह गेहूं के खेत में एक विवाहिता का खून से सना हुआ शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के डूंगरपुर गांव निवासी रेखा (26) होली के अवसर पर अपने मायके आई हुई थी। सोमवार सुबह उसका शव गांव से लगभग 150 मीटर दूर एक गेहूं के खेत में पड़ा मिला। सुबह कुछ ग्रामीण खेतों की ओर शौच के लिए गए थे। उनकी नजर खेत में पड़े शव पर पड़ी। शव खून से लथपथ महिला के शव को देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटाए। घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए गए हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## फिरोजाबाद में सिर कुचल कर खोखा दुकानदार की हत्या, पुलिस जांच में जुटी



**फिरोजाबाद।**
उत्तर प्रदेश के जनपद फिरोजाबाद में थाना टूंडला क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक दुकानदार का शव उसके ही चाय, समोसे के खोखे पर मिला है। दुकानदार की सिर पर प्रहार कर हत्या की गई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज कर जांच में जुट गई है।

थाना टूंडला क्षेत्र के गांव उलाऊ निवासी तेजपाल सिंह (45) पुत्र शेर सिंह ने एक सप्ताह पूर्व ही इसी थाना क्षेत्र के गांव जरौली कट के समीप चाय व समोसे का खोखा रखा था। वह प्रतिदिन खाना खाने के बाद रात को इसी खोखा में सो जाते थे। रविवार रात भी वह खोखे में सोए हुए थे। सोमवार सुबह जब उनका पुत्र कुलदीप खोखे पर पहुंचा तो तेजपाल मृत अवस्था में खून से लथपथ पड़े थे। यह देख पुत्र की चीख निकल गई। चीख पुकार मचने पर आस पास के लोग भी मौके पर आ गए। इधर सूचना मिलते ही अन्य परिजन भी पहुंच गए।

घटना की जांचकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर थाना प्रभारी टूंडला अनिल कुमार सिंह भी तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद, सीओ टूंडला अरुण कुमार चौरसिया ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस परिजनों से पूछताछ के साथ ही घटना की जांच में जुट गई है।

# वाराणसी घाट पर गंगा सफाई से हुई स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत

**नमामि गंगे के स्वयंसेवकों ने की गंगा तट पर सफाई, लोगों को गंगा स्वच्छता के प्रति किया जागरूक**



**वाराणसी।**
उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में सोमवार को नमामि गंगे के स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय के तत्वावधान में 16 से 31 मार्च तक आयोजित गंगा स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ सामने घाट पर गंगा सफाई से किया।

सफाई के पूर्व स्वयंसेवकों ने आमजन के साथ स्वच्छता का संकल्प लिया। वहीं, सामने घाट पर सदस्यों ने गंगा स्नान के लिए आई माताओं , बहनों, युवा, बुजुर्गों के साथ राष्ट्रध्वज और स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां और कपड़े के झोले लेकर पदयात्रा निकाली। इसके बाद सामने घाट पर सफाई के दौरान गंगा तट से लोगों द्वारा विसर्जित किए गए कपड़े, पॉलिथीन में भरी पूजन सामग्री, तस्वीरें और अन्य सामग्रियों को निकाला गया।

इस अवसर पर गंगा सेवक राजेश शुक्ला ने कहा कि गंगा संरक्षण के लिए हमें जन भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। इस पखवाड़े में गंगा की सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## जौनपुर में लॉ छात्र की पीट-पीटकर हत्या, पत्नी से बातचीत को लेकर पट्टीदार ने उतारा मौत के घाट; आरोपी गिरफ्तार



**जौनपुर।**
यूपी के जौनपुर में चंदवक थाना क्षेत्र के गोबरा गांव में रविवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते एक लॉ (विधि) छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि पट्टीदार ने उसे धोखे से बुलाकर वजनी वस्तु से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान 30 वर्षीय सच्चिदानंद मिश्र के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात करीब एक बजे मुख्य आरोपी विष्णु मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।परिजनों के मुताबिक सच्चिदानंद का अपने पट्टीदारों से काफी समय से विवाद चल रहा था। उनका आरोप है कि 12 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे जब सच्चिदानंद रतनपुर बाजार जा रहे थे, तब आरोपी ने फोन कर गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इस धमकी की कॉल रिकॉर्डिंग भी मृतक के पास मौजूद बताई जा रही है।बताया जा रहा है कि रविवार रात आरोपी पक्ष ने सच्चिदानंद को बुलाकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।इस मामले में सोमवार को जानकारी लेने पर क्षेत्राधिकारी केराकत अजीत सिंह चौहान ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद से जुड़ा है। आरोप है कि मृतक आरोपी की पत्नी से फोन पर बातचीत करता था, जिसे लेकर पहले भी दोनों के बीच विवाद हुआ था।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और गांव में एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# झांसी पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर चोर गिरफ्तार, एक फरार

**चोरी का सामान, तमंचा-कारतूस व नकदी बरामद**





**झांसी।**
उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में रविवार देर रात थाना शहर कोतवाली पुलिस की दो शातिर चोरों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर बीते दिनों उन्नाव गेट के पास सूने मकान में हुई चोरी की घटना का माल बरामद कर लिया। पुलिस ने इसके अलावा दोनों से तमंचा, कारतूस सहित नकदी और मोबाइल फोन भी बरामद किये हैं। इसके साथ ही पकड़े गए चोरों ने 22 फरवरी को हुई चोरी की घटना को भी स्वीकार किया है।

सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि 15 मार्च को उन्नाव गेट मेवाती पुरा निवासी उमा वर्मा ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 11 मार्च को वह अपने घर ताला लगाकर परिजनों के साथ जालौन में शादी समारोह में शामिल होने गई थी। लौट कर आई तो देखा कि अज्ञात चोर उसके घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, नकदी व मोबाइल फोन आदि चोरी कर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। इधर घटना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने कोतवाली पुलिस को खुलासा करने के निर्देश दिए थे। इस पर चोरों की तलाश में लगी पुलिस टीम का नगरिया कुआं के पास देर रात संदिग्धों से आमना-सामना हो गया। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो संदिग्धों ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया और भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को दबोच लिया। जबकि मौके से उनका एक साथी फरार हो गया।

पूछताछ में पकड़े गए दोनों संदिग्धों ने अपने नाम मध्यप्रदेश के जिला दतिया निवासी नदीम और जिला ग्वालियर के गणेशपुरा निवासी दीपक उर्फ संजय जाटव बताया। पूछताछ में दोनों ने उमा वर्मा के घर चोरी करने की घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि उनका एक साथी और है जो फरार हो गया है। दोनों ने उसी के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, दो लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, बाइक, मोबाइल फोन और छह हजार की नकदी बरामद कर ली। पुलिस दोनों के फरार हुए साथी की तलाश कर रही है। दोनों शातिर चोरों ने 22 फरवरी को भी पलक पैलेस से चोरी करने की घटना को स्वीकार किया है।

## हाइवे पर दौड़ती ईको कार में लगी आग, फायर टीम ने पाया काबू, यात्री सुरक्षित



**फिरोजाबाद।**
थाना टूंडला क्षेत्र अन्तर्गत रविवार देर रात्रि मथुरा दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की ईको कार में अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर टीम ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि ईको सवार सभी लोग सकुशल है।

थाना टूंडला क्षेत्र अन्तर्गत गांव मोहम्दाबाद के समीप हाइवे पर रविवार देर रात्रि उस समय अफरा तफरी मच गई। जब अचानक हाईवे पर दौड़ती एक ईको कार के पहिए से अचानक आग की जोरदार लपटें उठने लगी। यह देख लोगों ने शोर मचाया। शोर सुनकर ईको चालक ने तत्काल गाड़ी को रोका। वही ईको सवार लोगों ने भी बिना किसी देरी के खुद को गाड़ी से निकालकर सुरक्षित किया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही थाना टूंडला पुलिस के साथ फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर टीम ने तत्काल आग पर काबू पाया। गाड़ी को थाना बसई मोहम्मदपुर के गांव बरगदपुर निवासी करन सिंह चला रहे थे। उन्होंने बताया कि वह सवारियों को मथुरा दर्शन कराकर वापस फिरोजाबाद लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं है सभी लोग सुरक्षित है।

# एआई में बढ़ते दबाव को संतुलित करने मेटा 20 फीसदी कर्मचारियों की करेगी छंटनी!

**-कंपनी का मानना- एआई आधारित टूल्स कर्मचारियों की उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं**

**नई दिल्ली।**

दुनिया की प्रमुख सोशल मीडिया कंपनी मेटा अपने खर्च को नियंत्रित करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में बढ़ते निवेश के दबाव को संतुलित करने के लिए बड़े स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी करने पर विचार कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी संभावित रूप से अपने वैश्विक कार्यबल का करीब 20 फीसदी तक कम कर सकती है। यदि ऐसा होता है तो करीब 16 हजार कर्मचारियों की नौकरियां जा सकती हैं। कंपनी के नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 31 दिसंबर तक मेटा में करीब 79 हजार कर्मचारी कार्यरत थे। मेटा दुनिया के लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का संचालन करती है।

रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अपने भविष्य को एआई आधारित तकनीकों के साथ जोड़कर देख रही है।

मेटा का मानना है कि एआई आधारित टूल्स आने वाले समय में कर्मचारियों की उत्पादकता को काफी बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही कई कार्यों में कम कर्मचारियों की जरुरत रह जाएगी। इसी वजह से कंपनी अपनी संचालन व्यवस्था को ज्यादा कुशल बनाने के लिए कर्मचारियों की छंटनी करने वाले विकल्पों पर विचार कर रही है। हालांकि अभी तक इस संबंध में अंतिम फैसला नहीं लिया गया है और न ही इसके लिए कोई समयसीमा तय की है।

सूत्रों के मुताबिक मेटा के वरिष्ठ अधिकारियों ने हाल ही में कंपनी के अन्य शीर्ष नेताओं के साथ संभावित छंटनी के विषय पर चर्चा की। अधिकारियों से कहा गया कि वे अपने-अपने विभागों में कामकाज को ज्यादा सुव्यवस्थित बनाने के उपाय तलाशें। इस बीच मेटा के प्रवक्ता ने इन खबरों को लेकर कहा कि यह केवल संभावित रणनीतियों से जुड़ी अटकलें हैं। उन्होंने इसे सैद्धांतिक स्तर की रिपोर्टिंग बताया और कहा कि अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। यदि मेटा इस स्तर पर कर्मचारियों की संख्या कम करने का फैसला लेती है तो यह कंपनी के इतिहास की सबसे बड़ी छंटनियों में से एक होगी।

बता दें इससे पहले कंपनी ने 2022 और 2023 में बड़े पैमाने पर पुनर्गठन किया था। उस समय मेटा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने उस अवधि को कंपनी का 'ईयर ऑफ एफिशिएंसी' बताया था।

# घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस की कोई कमी नहीं, रिफाइनरियां पूरी क्षमता से कर रही काम

**-देश में एलपीजी किल्लत को लेकर फैली अफवाहों और पैनिक बुकिंग को सरकार का दावा**

**नई दिल्ली।**

देश में एलपीजी की किल्लत को लेकर फैली अफवाहों और भारी पैनिक बुकिंग के बीच केंद्र सरकार ने कहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। हालांकि, खाड़ी देशों में जारी युद्ध और 'स्टेट ऑफ होर्मुज' में पैदा हुए गतिरोध की वजह से सप्लाई चेन पर दबाव जरूर पड़ा है, लेकिन सरकार ने घरेलू सप्लाई को प्राथमिकता पर रखा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सुजाता ने कहा कि युद्ध की खबरों के बीच आम जनता में इस बात का डर है कि आने वाले दिनों में सिलेंडर नहीं मिलेंगे। इसी घबराहट में लोग जरूरत न होने पर भी सिलेंडर बुक करा रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक युद्ध से पहले रोज करीब 55 लाख सिलेंडर बुक होते थे और करीब 50 लाख की डिलीवरी होती थी, लेकिन यह आंकड़ा बढ़कर 75 लाख हो गया और अब 88 लाख तक पहुंच गया है। अधिकारियों ने इसे पूरी तरह 'पैनिक बुकिंग' करार दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने साफ किया है कि बुकिंग पर कुछ नियम लागू हैं ताकि स्टॉक का प्रबंधन सही से हो सके। शहरी क्षेत्रों में एक सिलेंडर मिलने के बाद अगली बुकिंग के लिए कम से कम 25 दिन का अंतर होना अनिवार्य है। वहीं ग्रामीण इलाकों में यह समय सीमा 45 दिन तय की गई है। इस तय समय से पहले सिस्टम बुकिंग नहीं लेगा, इसलिए उपभोक्ताओं को बार-बार प्रयास करने या परेशान होने की जरूरत नहीं है।

सप्लाई के दबाव का फायदा उठाकर कुछ लोग सिलेंडर की जमाखोरी और ब्लैक-मार्केटिंग में जुट गए हैं। इसे रोकने के लिए सरकार ने देशभर में सख्त अभियान छेड़ा है। पेट्रोलियम मंत्रालय के निर्देश पर राज्य सरकारों और जिला प्रशासनों ने तेल कंपनियों के साथ मिलकर छापेमारी शुरू कर दी है। अकेले यूपी में प्रशासन ने 1400 से ज्यादा ठिकानों का निरीक्षण किया है, जिसमें 20 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 19 लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की गई है।

# ईरान युद्ध से फूड डिलीवरी, कॉस्मेटिक्स और कपड़ा उद्योग सेक्टर भी हो सकता है प्रभावित

**-कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने निवेशकों को सोचने पर किया मजबूर**

**नई दिल्ली।**

वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब शेयर बाजारों पर भी देखने लगा है। ईरान से जुड़े युद्ध की आशंका और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने निवेशकों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। पहले जहां चिंता केवल ऊर्जा क्षेत्र तक सीमित मानी जा रही थी, वहीं अब इसके प्रभाव का दायरा बढ़ रहा है। फूड डिलीवरी कंपनियों से लेकर कॉस्मेटिक्स और कपड़ा उद्योग तक कई सेक्टर संभावित सप्लाई बाधाओं और बढ़ती लागत के दबाव में आ सकते हैं।

दरअसल, युद्ध शुरू होने के बाद से वैश्विक शेयर बाजारों में करीब 5.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। यह गिरावट 2022 के बाद किसी एक महीने में सबसे बड़ी मानी जा रही है। एशियाई बाजारों पर इसका असर सबसे ज्यादा देखा गया है। निवेशकों को डर है कि तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से महंगाई फिर से बढ़ सकती है और युद्ध पर होने वाला खर्च कई देशों के बजट घाटे को भी बढ़ा सकता है। बाजार में बढ़ती अनिश्चितता से ट्रेडर्स ने अब अमेरिका के केंद्रीय बैंक यानी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद को भी आगे खिसका दिया है। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि अगली बड़ी दर कटौती संभवतः 2027 के बीच तक ही हो पाएगी। इस बदलाव ने भी वैश्विक निवेशकों की रणनीति को प्रभावित किया है। युद्ध के कारण सबसे पहले असर एयरलाइंस और शिपिंग कंपनियों पर पड़ा है। तेल की कीमतें बढ़ने से विमानन कंपनियों की ईंधन लागत बढ़ जाती है, जिससे उनके मुनाफे पर दबाव आता है। इसी तरह समुद्री परिवहन कंपनियों के लिए भी ऑपरेशन महंगे हो जाते हैं और व्यापारिक मार्गों में जोखिम बढ़ जाता है। इसके विपरीत रक्षा और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी जा रही है। युद्ध और तनाव के दौर में रक्षा उपकरणों की मांग बढ़ने की संभावना रहती है, जिससे रक्षा कंपनियों के शेयरों को फायदा मिलता है। वहीं तेल और गैस कंपनियां भी ऊंची कीमतों का लाभ उठा सकती हैं। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब अमेरिका ने उस खर्ग द्वीप पर बड़ा हमला किया, जहां से ईरान के कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा निर्यात होता है।

# बाजार में उथल-पुथल से निवेशक घबराएं नहीं, लंबी अवधि के नजरिए से सोचें

**सेबी के चेयरमैन तुहिन कांता पांडे ने छोटे निवेशकों को धैर्य रखने की दी सलाह**

**नई दिल्ली।**

शेयर बाजार में इन दिनों तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। वैश्विक स्तर पर जियो-पॉलिटिकल टेंशन के कारण बाजार में अस्थिरता बढ़ गई है। ऐसे में सेबी के चेयरमैन तुहिन कांता पांडे ने छोटे निवेशकों को धैर्य रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बाजार में यह उथल-पुथल लंबे समय तक नहीं रहती और वैश्विक स्तर पर स्थिरता लाने के प्रयास चल रहे हैं। छोटे निवेशकों को घबराकर फैसले नहीं लेने चाहिए, बल्कि शांत रहकर लंबी अवधि के नजरिए से सोचना चाहिए।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सेबी चेयरमैन ने हाल ही में एक कार्यक्रम में इस बारे में जिक्र किया। उन्होंने बताया कि पिछले दस साल में भारत के कैपिटल मार्केट बहुत बड़े और मजबूत हुए हैं। अब ये बाजार वैश्विक घटनाओं से ज्यादा जुड़े हुए हैं। कोई भी बड़ी खबर या घटना तुरंत बाजार पर असर डाल देती है। जियो-पॉलिटिकल टेंशन, जैसे युद्ध या तनाव, बाजार को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं, लेकिन तुहिन कांता पांडे ने जोर दिया कि बाजार की असली परीक्षा तब होती है जब अस्थिरता आती है और सिस्टम सही रूप से चलता रहता है।

उन्होंने कहा कि बाजार में अत्यधिक अस्थिरता के दौर आमतौर पर ज्यादा दिन नहीं टिकते। वैश्विक प्रयासों से बाजार जल्दी स्थिर हो जाते हैं। भारत के बाजार पिछले दशक में काफी विस्तारित हुए हैं, जिससे वे वैश्विक घटनाओं के प्रति संवेदनशील हो गए हैं।

# पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और भारतीय रूपए में गिरावट का असर

**विदेशी-निवेशकों ने 15दिन में शेयर बाजार से निकाले 52,704 करोड़**

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में फॉरिन पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट की बिकवाली लगातार जारी है। मार्च के शुरुआती दो हफ्तों में विदेशी निवेशकों ने घरेलू इक्विटी बाजार से 52,704 करोड़ रुपए निकाले हैं। यह बिकवाली ऐसे समय में हुई है, जब मिडल ईस्ट में तनाव बढ़ रहा है और कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया है। इससे पहले फरवरी महीने में विदेशी निवेशकों ने बाजार में 22,615 करोड़ रुपए का निवेश किया था, जो पिछले 17 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर था। लेकिन मार्च की शुरुआत से ही विदेशी निवेशक हर ट्रेडिंग दिन पर नेट सेलर्स बने हुए हैं। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इस भारी बिकवाली के पीछे कई वैश्विक और घरेलू कारण हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज रूट में सप्लाई प्रभावित होने के डर से ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चला गया है। इससे निवेशकों ने जोखिम वाले एसेट्स से पैसा निकालकर सुरक्षित विकल्पों में लगाना शुरू कर दिया है। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए के 92 के स्तर के पार पहुंचना और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने भी दबाव बनाया है। हालांकि, निवेशकों ने टेलीकॉम, ऑयल एंड गैस, मेटल्स और केमिकल्स जैसे सेक्टर्स में अपना निवेश बढ़ाया है, जो यह दर्शाता है कि पैसा अब डोमेस्टिक वैल्यू और कमोडिटी शेयरों की ओर शिफ्ट हो रहा है।

**चीन के बाजार में पैसा लगा रहे निवेशक**

पिछले 18 महीनों में भारतीय बाजार ने विकसित और अन्य उभरते बाजारों के मुकाबले कम रिटर्न दिया है। इस वजह से विदेशी निवेशकों का रुझान भारत के प्रति कम हुआ है। उनके अनुसार, दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन इस समय भारत की तुलना में ज्यादा आकर्षक लग रहे हैं, क्योंकि हालिया गिरावट के बाद वहां वैल्युएशन सस्ता है और कॉर्पोरेट अर्निंग की संभावनाएं बेहतर दिख रही हैं।

## इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट में टाटा मोटर्स का दबदबा

**नई दिल्ली।**

भारत में इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर सेगमेंट में टाटा मोटर्स का फिलहाल मजबूत दबदबा बना हुआ है। टाटा मोटर्स के पास करीब 40 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। कंपनी की सफलता के पीछे उसका बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो भी प्रमुख कारण है, जिसमें नेक्सन ईवी, पंच ईवी, टियागो ईवी, टिगोर ईवी, कर्व ईवी और हैरियर ईवी जैसे मॉडल शामिल हैं। हालांकि देश की सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार अभी भी टाटा के पास नहीं है। टाटा की टियागो ईवी की शुरुआती कीमत 7.99 लाख रुपये है, जबकि एमजी कॉमेट ईवी की कीमत 7.35 लाख रुपये से शुरू होती है।टाटा मोटर्स में इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल्स के प्रोडक्ट लाइन हेड आनंद कुलकर्णी का कहना है कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहन अब कीमत के लिहाज से एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच रहे हैं। कुछ मॉडल ऐसे हैं जो इंटरनल कम्बशन इंजन (आईसीई) कारों के करीब कीमत पर उपलब्ध होने लगे हैं। उन्होंने बताया कि बैटरी तकनीक में तेजी से सुधार हो रहा है, जिससे ज्यादा एनर्जी-डेंस बैटरी, तेज चार्जिंग और बेहतर सुरक्षा संभव हो पाई है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कोयम्बटूर में खरीदी 44 एकड़ जमीन, आवासीय प्रोजेक्ट की तैयारी

**परियोजना से करीब 450 करोड़ रुपए के राजस्व की उम्मीद**

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की बड़ी कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज ने तमिलनाडु के कोयम्बटूर में 44 एकड़ जमीन खरीदकर एक नए प्रीमियम आवासीय प्रोजेक्ट की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी के मुताबिक इस परियोजना से करीब 450 करोड़ रुपए तक की आय हो सकती है। यह प्रोजेक्ट प्लॉटिड डेवलपमेंट के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें आधुनिक सुविधाओं के साथ एक योजनाबद्ध आवासीय समुदाय तैयार किया जाएगा। इस परियोजना के साथ कंपनी पहली बार कोयंबटूर के बाजार में प्रवेश कर रही है। कंपनी ने यह जमीन सीधे खरीदी है। करीब 44 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले इस प्रोजेक्ट में करीब 1.1 मिलियन वर्गफुट का डेवलपमेंट होना है। कंपनी का कहना है कि यह प्रोजेक्ट प्रीमियम प्लॉटिड रेजिडेंशियल कम्युनिटी के रूप में तैयार किया जाएगा। हालांकि कंपनी ने जमीन खरीद की कीमत नहीं बताई है, लेकिन परियोजना से करीब 450 करोड़ रुपए के राजस्व की उम्मीद जताई गई है। इस प्रोजेक्ट के जरिए कंपनी दक्षिण भारत में अपने विस्तार को और मजबूत करना चाहती है। यह परियोजना साउथ कोयंबटूर के उस इलाके में विकसित की जाएगी जो कोयम्बटूर गोल्फ क्लब के पास स्थित है। यह इलाका तेजी से विकसित हो रहा है और यहां बेहतर कनेक्टिविटी के साथ शांत और हरित वातावरण उपलब्ध है। कंपनी के मुताबिक प्रोजेक्ट में अच्छी सड़कों वाला लेआउट, लैंडस्केप्ड ओपन स्पेस, और सामुदायिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे यह प्रोजेक्ट प्रीमियम आवासीय विकल्प के रूप में उभर सकता है। कंपनी के आला अधिकारियों का कहना है कि कोयंबटूर में प्रवेश कंपनी की उस रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत वह तेजी से बढ़ते और संभावनाओं से भरे शहरों में अपने प्रोजेक्ट शुरू कर रही है। कोयंबटूर की मजबूत आर्थिक स्थिति, बढ़ती आबादी और स्थिर आवासीय मांग इसे एक आकर्षक बाजार बनाती है। कंपनी यहां एक उच्च गुणवत्ता वाली प्लॉटिड कम्युनिटी विकसित करने की योजना बना रही है, जिससे दक्षिण भारत में उसकी मौजूदगी और मजबूत होगी। कोयंबटूर तेजी से एक विविध आर्थिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। यहां मैन्युफैक्चरिंग, आईटी-आईटीईएस, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और छोटे-मझोले उद्योगों का मजबूत आधार है। शहर में नए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, बढ़ती आय और आर्थिक गतिविधियों के कारण आवास की मांग लगातार बढ़ रही है।

## घर में पीएनजी कनेक्शन है तो सरेंडर करना होगा एलपीजी सिलेंडर

**सरकार ने यह फैसला एलपीजी की सीमित उपलब्धता को देखते हुए लिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण भारत में एलपीजी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसी स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। सरकार ने 14 मार्च को जारी अधिसूचना में कहा कि जिन घरेलू उपभोक्ताओं के पास पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी कनेक्शन है, वे अब एलपीजी सिलेंडर नहीं रख सकेंगे और न ही उसका रिफिल ले सकेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों के पास पहले से पीएनजी कनेक्शन के साथ एलपीजी कनेक्शन भी है, उन्हें अपना एलपीजी कनेक्शन तुरंत सरेंडर करना होगा। इसके साथ ही ऐसे उपभोक्ता सरकारी तेल कंपनियों या उनके वितरकों से एलपीजी सिलेंडर की नई बुकिंग या रिफिल नहीं कर पाएंगे। सरकार का कहना है कि यह फैसला एलपीजी की सीमित उपलब्धता को देखते हुए लिया गया है ताकि जिन घरों में केवल एलपीजी पर ही खाना पकाने की व्यवस्था है, उन्हें प्राथमिकता दी जा सके। दरअसल, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। अमेरिका और इजराइल के साथ जंग के बीच ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। यह समुद्री मार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परिवहन मार्गों में से एक माना जाता है। इसी रास्ते से बड़ी मात्रा में तेल और गैस की खेप विभिन्न देशों तक पहुंचती है। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए भी चुनौतीपूर्ण है क्योंकि देश के कुल एलपीजी आयात का करीब 90 फीसदी हिस्सा पश्चिम एशियाई देशों से आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने के कारण वहां से आने वाली एलपीजी की खेप भारत तक नहीं पहुंच पा रही है, जिससे आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है।

# मार्च माह में शेयर बाजार की सबसे बड़ी गिरावट

**- बाजार में घबराहट, निवेशकों के लाखों करोड़ डूबे**
**- बाजार में गिरावट बनी रहेगी**

**मुंबई।**

ईरान युद्ध के बाद शेयर बाजार में भारी घबराहट देखने को मिल रही है। कोविड के बाद पहली बार इतनी बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। शेयर बाजार में मुंबई स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 74564 अंक को छू गया है। जिसके कारण शेयर बाजार को लेकर अर्थशास्त्रियों का यह मानना है। इस गिरावट को रोक पाना, तथा इस घाटे की भरपाई कर पाना फिलहाल संभव नहीं है।

युद्ध को लेकर जिस तरह की स्थिति वैश्विक स्तर पर बन रही है। उसके बाद दुनिया भर में आर्थिक मंदी का खतरा भी देखा जा रहा है। दुनिया भर के सभी शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। मार्च माह के तीनों सप्ताह में शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली है। मार्च माह के चौथे सप्ताह में भी यह गिरावट बनी रहेगी। शेयर बाजार के लिए कोई बेहतर संकेत हाल फिलहाल देखने को नहीं मिल रहे हैं। निवेशक बाजार में नया निवेश करने के लिए तैयार नहीं हैं,जो निवेश है, उसी को निकाल कर शेयर बाजार से निकलना चाहते हैं। जिसके कारण शेयर बाजार में भगदड़ की स्थिति मची हुई है।

आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है, अमेरिका और इजराइल ने ईरान की समरिक शक्ति और ऊर्जा कारोबार में इस युद्ध का जो प्रभाव पड़ेगा। उसका सही आकलन नहीं किया।जिसके कारण सारी दुनिया में शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिल रही है।

आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है। डोनाल्ड ट्रंप आखिरी वक्त पर इस युद्ध से हट भी जाएं, उसके बाद भी बाजार में गिरावट का सिलसिला बना रहेगा। मार्च माह में 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिलेगी। ऐसा वित्तीय विशेषज्ञों का मानना है।

अभी तक शेयर बाजार में छह बार सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली है। 1970 से लेकर 1979 तक 11.13 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। 1980 से 1989 के बीच में 16.09 फीसदी की गिरावट हुई थी। 1990 से 1999 के बीच 23.3 फीसदी की गिरावट हुई थी। 2000 से 2009 के बीच में सबसे ज्यादा 33.3 फीसदी की गिरावट देखने को मिली थी। अमेरिका में आई आर्थिक मंदी का सबसे बड़ा असर इसी दौरान दुनिया भर के शेयर बाजारों में पड़ा था।




2010 से 2019 के बीच में 14.5 फीसदी की गिरावट शेयर बाजार में दर्ज हुई थी। जिस तरह की स्थिति वर्तमान में देखने को मिल रही है। उसके अनुसार भारत के शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट इस मार्च और अप्रैल माह में देखने को मिल सकती है।

2008 में जिस तरह की अमेरिकी मंदी आई थी। उससे ज्यादा मंदी 2026- 27 में भारत सहित सारी दुनिया के देशों में देखने को मिल सकती है। इसको लेकर दुनिया भर के निवेशकों में घबराहट फैली हुई है। इजरायल अमेरिका और ईरान के बीच में जो युद्ध चल रहा है। उसमें खाडी के देश बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। इस युद्ध में रूस चीन और उत्तर कोरिया के कूद जाने के बाद सारी दुनिया में घबराहट फैल गई है। दो दर्जन से अधिक देश प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस युद्ध में शामिल हो गए हैं। सारी दुनिया के देशों में ऊर्जा संकट खड़ा हो गया है। इसका असर महंगाई पर भी पड़ने लगा है। युद्ध के कारण वैश्विक अर्थ व्यवस्था लड़खड़ा रही है। ऐसे समय पर निवेशको को सावधान रहने की जरूरत है।

## इस हफ्ते कई आईपीओ होंगे लॉन्च, कुछ कंपनियों के शेयर होंगे लिस्ट

**निवेशक इन आईपीओ में हिस्सा लेकर अच्छा रिटर्न कमा सकते**

**नई दिल्ली।** मार्च के अगले हफ्ते प्राइमरी मार्केट में कई कंपनियां आईपीओ लॉन्च कर रही हैं, जबकि कुछ कंपनियां शेयर बाजार में लिस्ट होंगी। इस हफ्ते 16 मार्च से शुरू होकर कई नए पब्लिक इश्यू खुले हैं, जिनमें एग्रोकेमिकल, लॉयल्टी सर्विसेज और माइनिंग से जुड़ी कंपनियां शामिल हैं, साथ ही कुछ कंपनियां लिस्टिंग के लिए तैयार हैं। निवेशक इन आईपीओ में हिस्सा लेकर अच्छा रिटर्न कमा सकते हैं, लेकिन बाजार की स्थिति और कंपनी की फंडामेंटल्स को ध्यान से देखना जरूरी है। सबसे बड़ा आईपीओ है जीएसपी क्रॉप साइंस का। यह अहमदाबाद आधारित एग्रोकेमिकल कंपनी 400 करोड़ रुपए जुटाने जा रही है। इसमें फ्रेश इश्यू 240 करोड़ रुपए का और प्रमोटर्स की ओर से ऑफर फॉर सेल 160 करोड़ रुपए का है। प्राइस बैंड 304 से 320 रुपए प्रति शेयर तय किया है। आईपीओ 16 मार्च यानी सोमवार को खुलेगा और 18 मार्च को बंद होगा। लॉट साइज 46 शेयर है, यानी न्यूनतम निवेश करीब 14,720 रुपए। कंपनी एंकर निवेशकों से पहले ही 120 करोड़ रुपए जुटा चुकी है। लिस्टिंग 24 मार्च को बीएसई और एनएसई पर होगी। कंपनी का मार्केट कैप ऊपरी बैंड पर करीब 1,489 करोड़ रुपए होगा। दूसरा आईपीओ नोवस लॉयल्टी का है, जो लॉयल्टी और रिवार्ड्स सॉल्यूशंस प्रोवाइडर है। यह एसएमई सेगमेंट में 60.15 करोड़ जुटाएगा। प्राइस बैंड 139 से 146 प्रति शेयर है। आईपीओ 17 मार्च को खुलेगा और 20 मार्च को बंद होगा। लॉट साइज 1,000 शेयर है, यानी न्यूनतम निवेश करीब 1,46,000 रुपए। लिस्टिंग 25 मार्च को बीएमई एसएमई पर होगी। कंपनी फंड का इस्तेमाल प्रोडक्ट अपग्रेड, बिजनेस डेवलपमेंट और जनरल कॉर्पोरेट पर्पज में करेगी। इनोवेशन का आईपीओ पहले से चल रहा है, जो अब एक्सटेंड हो गया है। यह मैनपावर, टोल प्लाजा मैनेजमेंट और सिक्योरिटी सर्विसेज कंपनी है। मूल प्राइस बैंड 521-548 रुपए था, लेकिन कम सब्सक्रिप्शन के कारण इसे घटाकर 494-519 रुपए कर दिया गया है। इश्यू साइज भी 322.84 करोड़ से घटाकर 305.76 करोड़ कर दिया गया। आईपीओ 10 मार्च से खुला था और अब 17 मार्च को बंद होगा1 लॉट साइज 27 शेयर है। अभी तक सिर्फ 31फीसदी सब्सक्राइब हुआ है। लिस्टिंग 20 मार्च को बीएसई और एनएसई पर होगी।

# बासमती चावल कंपनी अमीर चंद जगदीश कुमार एक्सपोर्ट्स लाएगी 440 करोड़ का आईपीओ

**-24 मार्च को खुलेगा इश्यू, पूरी तरह फ्रेश शेयर जारी होंगे**
**-पुराने निवेशक नहीं बेचेंगे हिस्सेदारी**

**नई दिल्ली।**

'एरोप्लेन' ब्रांड के नाम से बासमती चावल बेचने वाली कंपनी अमीर चंद जगदीश कुमार एक्सपोर्ट्स जल्द ही शेयर बाजार में कदम रखने जा रही है। कंपनी ने 440 करोड़ रुपये का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की घोषणा की है। यह आईपीओ 24 मार्च को खुलेगा और निवेशक 27 मार्च तक इसमें बोली लगा सकेंगे। कंपनी के मुताबिक, एंकर निवेशकों के लिए 23 मार्च को एक दिन पहले निवेश का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। इस आईपीओ की सबसे खास बात यह है कि इसमें कोई भी मौजूदा निवेशक या प्रमोटर अपनी हिस्सेदारी नहीं बेच रहा है। पूरा इश्यू केवल फ्रेश शेयरों के जरिए जारी किया जाएगा, जिससे यह संकेत मिलता है कि प्रमोटर्स को कंपनी की भविष्य की संभावनाओं पर भरोसा है।

आईपीओ प्रक्रिया के तहत निवेशकों को शेयरों का आवंटन 30 मार्च तक किया जा सकता है, जबकि कंपनी के शेयरों की संभावित लिस्टिंग 2 अप्रैल को होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, कंपनी ने पहले 550 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में इसे घटाकर 440 करोड़ रुपये कर दिया गया। वर्तमान में कंपनी की 99 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी प्रमोटर्स के पास है। इसके प्रमुख प्रमोटर्स जगदीश कुमार सूरी, राहुल सूरी और रमणिका सूरी हैं।

कंपनी ने बताया कि आईपीओ से जुटाई गई राशि में से लगभग 400 करोड़ रुपये कार्यशील पूंजी (वर्किंग कैपिटल) की जरूरतों को पूरा करने में इस्तेमाल किए जाएंगे। शेष राशि का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इससे पहले कंपनी प्री-आईपीओ राउंड में करीब 13 करोड़ रुपये जुटा चुकी है। यह निवेश 172 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर किया गया था, जिसके आधार पर कंपनी का मूल्यांकन लगभग 1,877 करोड़ रुपये आंका गया है। हरियाणा स्थित यह कंपनी मुख्य रूप से बासमती चावल की प्रोसेसिंग और निर्यात का कारोबार करती है। इसकी स्थापना वर्ष 2003 में हुई थी और यह अपने उत्पाद 'एरोप्लेन' ब्रांड के तहत बेचती है। कंपनी की कुल आय का करीब 99 प्रतिशत हिस्सा इसी कारोबार से आता है।

## इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 1,11,680 यूनिट तक पहुंची

**नई दिल्ली।** बीते महीने फरवरी 2026 के दौरान देश में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 1,11,680 यूनिट तक पहुंच गई। पिछले साल फरवरी 2025 में दर्ज 76,720 यूनिट्स की तुलना में लगभग 46 प्रतिशत अधिक है। यह मौजूदा वित्तीय वर्ष में अक्टूबर 2025 के बाद दूसरी सबसे ज्यादा मासिक बिक्री मानी जा रही है। इन आंकड़ों के साथ वित्तीय वर्ष 2026 के पहले 11 महीनों में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर की कुल बिक्री 12,09,542 यूनिट्स तक पहुंच गई है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में करीब 19 प्रतिशत अधिक है। इस तरह यह आंकड़ा वित्तीय वर्ष 2025 के पूरे साल के रिकॉर्ड 11,50,767 यूनिट्स को भी पार कर चुका है। यदि मार्च 2026 में इस सेगमेंट की बिक्री 1.40 लाख यूनिट से ज्यादा रहती है, तो वित्तीय वर्ष 2026 के अंत तक कुल बिक्री 13.5 लाख यूनिट तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। बिक्री के मामले में फरवरी 2026 में टीवीएस मोटर कंपनी ने एक बार फिर बाजार में अपना दबदबा बनाए रखा। कंपनी ने पिछले महीने 31,600 इलेक्ट्रिक स्कूटर की रिटेल बिक्री की, जो फरवरी 2025 की 18,955 यूनिट्स की तुलना में 67 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही कंपनी को करीब 28 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी मिली। टीवीएस के पोर्टफोलियो में फिलहाल आईक्यूब और ऑर्बिटर जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटर शामिल हैं।

# पूर्व खिलाड़ियों को कोच बनाकर खेलों में वापस लाना चाहिए: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को कहा कि भारत को खेल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूर्व खिलाड़ियों को फिर से खेलों से जोड़कर उन्हें कोच और मेंटर की भूमिका में लाना चाहिए।

आज यहां स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के गोल्डन जुबिली संस्करण के दूसरे दिन कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित कार्यक्रम में अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि खेल कोटे से नौकरी पाने वाले कई खिलाड़ी आज दफ्तरों में काम कर रहे हैं, जबकि उनमें से कई खेलों में लौटकर कोच या मार्गदर्शक के रूप में अधिक बड़ा योगदान दे सकते हैं। यह सम्मेलन दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीएसजेए) की मेजबानी में आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, 'हमें खिलाड़ियों की पूरी यात्रा को ट्रैक करने के लिए डेटा का विश्लेषण करना चाहिए, ताकि प्रतिभा की शुरुआती पहचान हो सके और उन्हें सही समर्थन के साथ तैयार किया जा सके।'

उन्होंने ने राज्य सरकारों से भी खेलों को मजबूत करने में अधिक भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा, 'खेल काफी हद तक राज्य का विषय है और यदि हमें भविष्य में बेहतर परिणाम चाहिए तो राज्यों को अपने बजट बढ़ाने, बुनियादी ढांचा विकसित करने और अधिक कोच नियुक्त करने होंगे।संस्थाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। हमें यह मूल्यांकन करना चाहिए कि सिफारिशों के बाद क्या हासिल हुआ और क्या हमारी व्यवस्थाएं वास्तव में परिणाम दे रही हैं या नहीं।'

इससे पहले डीएसजजेए अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा, 'एसजेएफआई के गोल्डन जुबिली वर्ष में यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। देशभर से आए खेल पत्रकारों का दिल्ली में स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है और अनुराग ठाकुर का विशेष आभार, जिन्होंने पत्रकार बिरादरी के साथ संवाद किया।'

जेके बोस इंटर-जोनल टी20 क्रिकेट ट्रॉफी में रोशनारा क्रिकेट क्लब और दिल्ली पुलिस ग्राउंड पर खेले गए मैचों में नॉर्थ जोन और साउथ जोन ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। वहीं एसी वाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट में दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीएसजेए-1) ने स्पोर्ट्स राइटर्स एसोसिएशन ऑफ बेंगलुरु (एसडब्ल्यूएबी-1) को हराया, जबकि स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई




(एसजेएएम-1) ने तमिलनाडु स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (टीएनएसजेए-1) को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल मुकाबला सोमवार को इसी स्थल पर खेला जाएगा, जिसमें डीएसजेए-1 के कुशन सरकार, भारत शर्मा और नॉरिस प्रीतम का सामना एसजेएएम-1 के अमोल करहाड़कर, अश्विन फेरो और अकुश धावरे से होगा।

# वंशिका चड्ढा के साथ शादी के बंधन में बंधे कुलदीप यादव, मसूरी में लिए सात फेरे



**मसूरी (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी जिंदगी की एक नई पारी शुरू की है। कुलदीप ने शनिवार को उत्तराखंड के मसूरी में अपनी बचपन की दोस्त वंशिका चड्ढा से शादी रचाई।

भारत के कुछ बड़े क्रिकेट स्टार इस शादी में शामिल हुए, जिनमें भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और युजवेंद्र चहल का नाम है। भारतीय टीम के पूर्व फील्डिंग कोच टी. दिलीप ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में शादी की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'अपने जीवन के प्यार से कुलदीप यादव को शादी करते देखकर बहुत खुशी हुई। आप दोनों को जिंदगी भर प्यार, हंसी और ढेर सारा आशीर्वाद मिले। बधाई हो।'

कानपुर के रहने वाले इस जोड़े ने 4 जून 2025 को लखनऊ में एक निजी समारोह में सगाई की थी। वंशिका ने अपनी स्कूलिंग कानपुर से की, जिसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न चली गईं। वंशिका भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में कार्यरत हैं। दोनों की शादी पहले नवंबर 2025 में तय हुई थी, लेकिन वर्ल्ड कप की वजह से इसे टाल दिया गया।

कुलदीप उस भारतीय टीम के अहम सदस्य हैं, जिसने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीता था। कुलदीप यादव ने इस विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ एकमात्र मैच खेला था, जिसमें 3 ओवरों में 14 रन देकर 1 विकेट हासिल किया।

बाएं हाथ के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने भारत की ओर से अब तक कुल 17 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें 22.42 की औसत के साथ 76 विकेट हासिल किए। इसके अलावा, 120 वनडे मुकाबलों में कुलदीप यादव के नाम 194 विकेट हैं। इस गेंदबाज ने भारत की तरफ से 54 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 95 विकेट निकाले। कुलदीप अपने करियर में 98 आईपीएल मैच खेल चुके हैं, जिसमें 102 विकेट प्राप्त किए।

# टी20 मुंबई महिला लीग के पहले सीजन का आगाज जल्द, रोहित शर्मा ने किया ट्रॉफी का अनावरण




**मुंबई (एजेंसी)।** Mumbai Cricket Association ने टी20 मुंबई लीग का महिला संस्करण लॉन्च किया। रोहित शर्मा ने ट्रॉफी का अनावरण किया और यह टूर्नामेंट महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने टी20 मुंबई लीग के महिला संस्करण का अनावरण किया। पुरुषों की लीग के तीन सफल सीजन होने के बाद एमसीए ने यह फैसला लिया। रोहित शर्मा जो इस लीग का चेहरा हैं, उन्होंने शनिवार को मुंबई में पुरुषों और महिलाओं के आगामी संस्करणों के लिए ट्रॉफी का अनावरण किया।

रोहित ने कहा कि उन्हें मुंबई क्रिकेट के बढ़ते स्तर को देखकर बहुत खुशी होती है। यह सिर्फ आईपीएल टीम तक सीमित नहीं है, बल्कि टी20 मुंबई लीग ने भी कई युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका दिया है। उन्होंने बताया कि इस लीग से कई ऐसे खिलाड़ी निकले हैं, जिन्होंने पहले टी20 मुंबई में खेला और बाद में आईपीएल टीमों और भारतीय टीम तक पहुंचे। उनके मुताबिक यह लीग खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का एक बड़ा मंच बन चुकी है।

### महिलाओं को आगे बढ़ने का यह अच्छा मौका

रोहित शर्मा ने यह भी कहा कि पिछले सीजन की शानदार सफलता के बाद इस टूर्नामेंट का फिर से आयोजन होना बहुत अच्छी बात है। वह खुद भी पिछले सीजन में इससे जुड़े थे और उन्होंने देखा कि इसे आयोजित करना आसान काम नहीं था। इस लीग को सफल बनाने के लिए मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के सभी सदस्यों को श्रेय मिलना चाहिए। इस साल यह टूर्नामेंट और भी बड़ा हो गया है, क्योंकि इसमें तीन महिला टीमें भी शामिल की गई हैं।

# इंग्लैंड ने जीता खिताब, भारतीय महिला टीम रही उपविजेता

**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को खेले गये एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर के फाइनल में इंग्लैंड से हार के बाद दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। हार के बावजूद भारतीय टीम ने बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

आज यहां जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड पर हुए फाइनल में भारतीय टीम इंग्लैंड से 0-2 से हार गई। इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने (13वें) और एलिजाबेथ नील ने (43वें) मिनट में गोल किए।

भारत ने खेल की शुरुआत जोरदार तरीके से की। नवनीत कौर ने शुरुआती दो मिनट के अंदर ही अपनी टीम को एक पेनल्टी कॉर्नर दिलाने में मदद की। हालांकि भारतीय टीम के प्रयास को इंग्लैंड की गोलकीपर ने विफल कर दिया। मेजबान टीम ने जबरदस्त अनुशासन दिखाया। उन्होंने अपनी रक्षापंक्ति को मजबूत बनाए रखा और साथ ही विरोधी टीम के पाले में भी सेंध लगाने की कोशिशें कीं। पहले क्वार्टर के आखिर में इंग्लैंड ने खेल पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और दो मिनट बाकी रहते एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। ग्रेस बाल्सडन (13%) ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में पेनल्टी कॉर्नर से पांचवां गोल दागते हुए इंग्लैंड को बढ़त दिला दी।



दूसरा क्वार्टर भी पहले क्वार्टर जैसा ही रहा। इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों ने एक-दूसरे को अधिक मौके नहीं दिए। पहले हाफ में आठ बार सर्कल में घुसने के बावजूद, भारत इंग्लैंड की रक्षापंक्ति पर दबाव तो बना रहा था, लेकिन वे इंग्लैंड की गोलकीपर की असली परीक्षा नहीं ले पाए। इस वजह से मेहमान टीम हाफ टाइम तक अपनी एक गोल की बढ़त बनाए रखने में कामयाब रही। बढ़त हासिल करने के बाद, इंग्लैंड ने गेंद को कुशलता से घुमाते हुए और उस पर अपना कब्जा बनाए रखते हुए खेल की रफ्तार को नियंत्रित किया। भारत को दबाव बनाने के कुछ मौके मिले, लेकिन मेहमान टीम की रक्षापंक्ति मजबूती से डटी रही। आखिरकार, एलिजाबेथ नील (43वें) मिनट में किये गये बदौलत इंग्लैंड की बढ़त को दोगुना कर दिया। मिडफ़ील्डर एलिज़ाबेथ भाग्यशाली रहीं, क्योंकि उनकी लगाई शॉट एक भारतीय डिफ़ेंडर से टकराकर बिचू देवी को छकाते हुए गोल में चली गई। इसके साथ ही तीसरे क्वार्टर के आखिर में इंग्लैंड 2-0 से आगे हो गया।

भारत ने एक ऐसे गोल की तलाश में आगे बढ़ना जारी रखा, जो उन्हें मैच में वापस ला सके। स्कोर अपने पक्ष में होने के बावजूद, इंग्लैंड ने अपना सकारात्मक रवैया बनाए रखा और यह सुनिश्चित किया कि वे रक्षात्मक होकर मेजबान टीम को कोई मौका न दें। यह एक बेहद खुला और तेज़-तर्रार अंतिम क्वार्टर था, जिसमें मैच के आखिरी पलों में भारत को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला। हालांकि, वे गोल करने में नाकाम रहे और अंततः उन्हें 2-0 से हार का सामना करना पड़ा।

दिन में इससे पहले इटली को 1-0 से हराकर स्कॉटलैंड ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्कॉटलैंड के लिए एमी कोस्टेलो ने मैच का एकमात्र गोल किया, जिससे स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल करने में मदद मिली।

पांचवें / छठवें स्थान के लिये खेले गये मुकाबले में वेल्स को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट में पांचवां स्थान पक्का कर लिया। वहीं ऑस्ट्रिया ने दक्षिण कोरिया को शूटआउट में हराकर सातवां स्थान हासिल किया।

उरुग्वे ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पांचवें / छठवें स्थान के लिये खेले गये मुकाबले में वेल्स को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट में पांचवां स्थान हासिल किया। उरुग्वे के लिए टेरेसा वियाना ने (23वें), मैग्डालेना वेर्गा ने (36वें) और लूपे कुरुत्चागुए ने (57वें) मिनट में गोल किए।

दिन के एक अन्य मैच में ऑस्ट्रिया ने सातवें और आठवें स्थान के लिये खेले गये मुकाबले में दक्षिण कोरिया पर 1-1 से ड्रा के बाद शूटआउट में (2-1) से जीत के साथ सातवां स्थान हासिल किया।

ऑस्ट्रिया के लिए क्रिस्टीन वुकोविच ने (तीसरे) मिनट में गोल किया, जबकि कप्तान ली यूरी ने (31वें) मिनट में दक्षिण कोरिया को बराबरी पर ला दिया। शूटआउट में दोनों गोलकीपरों का प्रदर्शन असाधारण रहा, लेकिन यह माइकला स्ट्रैब थीं जिन्होंने ऑस्ट्रिया की जीत सुनिश्चित की, और कार्ला केम्पर ने अपनी टीम के लिए विजई गोल किया।

# बीसीसीआई ने फिक्सिंग में फंसे वीडियो एनालिस्ट राजा पर लगाया आजीवन प्रतिबंध

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रणजी ट्रॉफी मैच में फिक्सिंग को देखते हुए वीडियो एनालिस्ट राजा रेड्डी पर प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड ने इस एनालिस्ट को भ्रष्ट तरीके अपनाने के लिए आजीवन प्रतिबंधित कर दिया है। प्राप्त जानकार के अनुसार बीसीसीआई की एक समिति ने बोर्ड की एंटी-करप्शन विंग की जांच के बाद वीडियो एनालिस्ट राजा पर ये प्रतिबंध लगाया है। ये मामला फरवरी, 2024 की है उस समय इंदौर में आंध्र और मध्य प्रदेश के बीच हुए रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच में राजा रेड्डी ने आंध्र के खिलाड़ी गिरिनाथ रेड्डी से फिक्सिंग के लिए संपर्क किया था। राजा उस क्वार्टर फाइनल मैच में बीसीसीआई के एनालिस्ट थे। वह पीएमओव से मान्यता प्राप्त थे और उन्हें थर्ड अंपायर और मैच रेफरी के लिए तय कमरे में बैठने की अनुमति थी। आंध्र टीम मैनेजर की शिकायत के बाद एसीयू अधिकारी ने इस मामले में कदम उठाये। आंध्र टीम के खिलाड़ी गिरिनाथ ने एसीयू को दिए बयान में बताया कि मैच से एक दिन पहले राजा ने उनसे अंतिम ग्यारह की जानकारी मांगी और दो ओवर में पांच रन देने के बदले 5 लाख रुपये का प्रस्ताव रखा। इस दौरान व्हाट्सएप कॉल और चैट हिस्ट्री से पता चला कि राजा ने बार-बार गिरिनाथ से संपर्क करने का प्रयास किया पर गिरिनाथ ने साफ मना कर दिया और कहा कि वह यह घटना अपने टीम मैनेजर को बताएंगे।

# विश्व कप हीरो संजू सैमसन को केरल सरकार करेगी सम्मानित, 16 मार्च को आयोजित होगा विशेष कार्यक्रम

तिरुवनंतपुरम। भारतीय क्रिकेट टीम को टी20 विश्व कप 2026 में चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को उनके गृह राज्य केरल की सरकार द्वारा 16 मार्च को सम्मानित किया जाएगा। इसकी पुष्टि केरल सरकार के खेल मंत्रालय ने की है। मंत्रालय के मुताबिक, राज्य सरकार टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य और टूर्नामेंट के श्रेष्ठ खिलाड़ी रहे संजू सैमसन को सम्मानित करेगी। सम्मान समारोह 16 मार्च को शाम 4 बजे तिरुवनंतपुरम सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान करेंगे। इसके अलावा, राज्य सरकार के अन्य मंत्री और विभागों के मुख्य सचिव और गणमान्य अतिथि कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। राज्य खेल मंत्रालय ने संजू सैमसन के स्वागत के लिए शानदार इंतजाम किया है। इससे पहले विश्व कप के बाद पहली बार तिरुवनंतपुरम पहुंचने पर एयरपोर्ट पर संजू सैमसन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया था। संजू सैमसन टी20 विश्व कप 2026 में अपने प्रदर्शन के दम पर सबसे अहम और चर्चित खिलाड़ी बनकर उभरे हैं। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण के अधिकांश मैचों से बाहर रहे सैमसन को टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में मौका मिला था। उस मैच में सैमसन ने 15 गेंदों पर 24 रन बनाए थे। इस छोटी पारी में उनका आत्मविश्वास साफ दिखा था। इसके बाद अगले तीन मैचों में संजू सैमसन की खेली तीन यादगार पारियों ने न सिर्फ भारतीय टीम को विश्व चैंपियन बनाने में सबसे अहम भूमिका अदा की, बल्कि उनका नाम भी इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करा दिया। वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टरफाइनल जैसे मुकाबले में 50 गेंदों पर नाबाद 97 रन की पारी खेल सैमसन ने भारतीय टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया था। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 42 गेंदों पर 89 रन की पारी खेल इस दाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज ने टीम इंडिया को फाइनल का टिकट दिलाया। फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 46 गेंदों पर 89 रन की पारी खेल भारत की खिताबी जीत की पटकथा लिखी।

# इंडियन वेल्स ओपन: सेमीफाइनल में मेदवेदेव ने अल्काराज को हराया, फाइनल में होगा सिनर का मुकाबला

**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** डेनियल मेदवेदेव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंडियन वेल्स ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में मेदवेदेव ने दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को 6-3, 7-6(3) से हराकर फाइनल में जगह बनाई। 2026 में लगातार 16 मैच जीतने के बाद अल्काराज की यह पहली हार थी।

मेदवेदेव ने 2024 इंडियन वेल्स चैंपियनशिप मैच के बाद अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में जगह बनाई है। मेदवेदेव ने आक्रामकता के साथ मैच में कदम रखा था। सटीक ग्राउंडस्ट्रोक और लगातार सर्विंग से रैलियों को नियंत्रित किया। शुरुआती सेट में अल्काराज की सर्विस तोड़ी और डीप रिटर्न और सॉलिड बेसलाइन प्ले से दबाव बनाए रखा।

अल्काराज, जिन्होंने 2023 और 2024 दोनों में इंडियन वेल्स फाइनल में मेदवेदेव को हराया था, ने दूसरे सेट में



वापसी करने की कोशिश की, लेकिन दबाव में मेदवेदेव का शांत रहना अहम साबित हुआ। 4-5 पर दो सेट पॉइंट का सामना करते हुए, रूसी खिलाड़ी ने मजबूत सर्व की और स्पेन के खिलाड़ी से गलतियाँ करवाई, आखिरकार सेट को टाई-ब्रेक तक ले गए। वहां पहुंचने के बाद, मेदवेदेव ने अपनी रफ्तार बनाए रखी। उन्होंने अपने बनाए दोनों ब्रेक मौकों को भुनाया और अपने सामने आए पांच में से चार ब्रेक पॉइंट जीते। उन्होंने अपनी दूसरी सर्व के पीछे भी दबदबा बनाया, और उन पॉइंट्स में से 74 प्रतिशत जीते।

जीत के बाद मेदवेदेव ने कहा कि अल्काराज का सामना करना एक चुनौती है। इस नतीजे से मेदवेदेव को इस सीजन में अपनी टूर-लीडिंग 18वीं जीत मिली है। वह साल के अपने तीसरे फाइनल में पहुंच गए हैं। 30 साल के मेदवेदेव पहले ही 2026 में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल और दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में टाइटल जीत चुके हैं। वह इस सीजन में फाइनल में अपने परफेक्ट रिकॉर्ड को और आगे बढ़ाना चाहेंगे।

रूसी खिलाड़ी मेदवेदेव का फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर जेवरेव को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। सिनर ने चौथे सीड जेवरेव को 6-2, 6-4 से हराकर सेमी-फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। इटैलियन खिलाड़ी ने बेसलाइन से कॉन्फिडेंस के साथ स्ट्राइक किया और अपनी पहली सर्व के पीछे 83 प्रतिशत अंक जीते। इस जीत ने जेवरेव पर सिनर की लगातार छठी टूर-लेवल जीत को मार्क किया और इंडियन वेल्स फाइनल में उनकी पहली एंट्री पक्की कर दी। वह टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले इटैलियन खिलाड़ी बन गए हैं।

# भारत अंडर 17 महिला टीम की म्यांमार पर रोमांचक जीत



यंगून। पामेला कोंटी के सब्स्टीट्यूट ने अहम भूमिका निभाई, जिसमें इंडियन अंडर 17 महिला टीम ने शनिवार को यांगून के थुवुन्ना स्टेडियम में दो इंटरनेशनल फ्रेंडली मैचों में से दूसरे मैच में म्यांमार को 3-2 से हराकर शानदार वापसी की। पहले हाफ के आखिर में मेज़बान टीम ने ह्निन विंट वार क्याव (12') और मिन हटोन मे ज़टिर (45') की मदद से बढ़त बनाई, जिन्होंने अल्वा देवी सेनजाम (33') के बराबरी के गोल के बाद गोल किए। दूसरे हाफ में, इंडिया की सब्स्टीट्यूट अनुष्का कुमारी (88') और जोया (90 1') ने कमबैक जीत पूरी की। यह मैच आने वाले एफसी अंडर 17 महिला एशियन कप के लिए इंडिया की तैयारियों का हिस्सा था, जो 1 मई से 17 मई तक चीन के सूज़ौ में होना है। म्यांमार, जिसने कॉन्टिनेंटल टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफ़ाई किया है, इन मैचों का इस्तेमाल अपनी तैयारियों के हिस्से के तौर पर कर रहा है। इंडिया ने इससे पहले गुरुवार को पहला फ्रेंडली मैच 2-0 से जीता था।

# धोनी के बिना सीएसके की कल्पना मुश्किल, यह उनका आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता है : इरफान पठान

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि एमएस धोनी के बिना चेन्नई सुपर किंग (सीएसके) और इंडिन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कल्पना करना बेहद मुश्किल है। हालांकि उन्होंने संकेत दिया कि आईपीएल 2026 संभवत: धोनी का आखिरी सीजन हो सकता है। पठान ने एक बातचीत में कहा कि धोनी अब टीम के भविष्य को तैयार करने की भूमिका निभा सकते हैं और युवा खिलाड़ियों को नेतृत्व के लिए तैयार करेंगे। पठान के अनुसार, धोनी की मौजूदगी मैदान के अंदर ही नहीं बल्कि ड्रेसिंग रूम में भी टीम के लिए बेहद अहम होती है। उन्होंने कहा कि भले ही यह साफ नहीं है कि धोनी इस सीजन में कितने मुकाबले खेलेंगे, लेकिन उनकी उपस्थिति टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। पठान का मानना है कि धोनी फ्रेंचाइजी के भविष्य के नेताओं को तैयार करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीम में सजू सैमसन और रुतुराज ग्वायकाड़ जैसे खिलाड़ियों को नेतृत्व समूह का हिस्सा बनाया जा सकता है। रुतुराज पहले से ही टीम के महत्वपूर्ण खिलाड़ी और संभावित लीडर माने जाते हैं। पठान के मुताबिक फ्रेंचाइजी भविष्य को ध्यान में रखते हुए दो या तीन खिलाड़ियों को नेतृत्व की जिम्मेदारी के लिए तैयार कर रही है, ताकि आने वाले वर्षों में टीम मजबूत बनी रहे।

# वेल्स को 3-0 से हराकर उरुग्वे हॉकी विश्वकप क्वालिफायर में पांचवें स्थान पर



हैदराबाद। उरुग्वे ने शनिवार को पांचवें / छठवें स्थान के लिये खेले गये मुकाबले में वेल्स को 3-0 से हराकर एफआईएच हॉकी विश्व कप क्वालिफायर 2026 में पांचवां स्थान पक्का कर लिया। वहीं ऑस्ट्रिया ने दक्षिण कोरिया को शूटआउट में हराकर सातवां स्थान हासिल किया। आज यहां जी. एम. सी. बालयोगी हॉकी ग्राउंड (गाचीबॉवली हॉकी कॉम्प्लेक्स) में उरुग्वे ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पांचवें / छठवें स्थान के लिये खेले गये मुकाबले में वेल्स को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट में पांचवां स्थान हासिल किया। उरुग्वे के लिए टेरेसा वियाना ने (23वें), मैग्डालेना वेर्गा ने (36वें) और लूपे कुरुत्वागुए ने (57वें) मिनट में गोल किए। दिन के एक अन्य मैच में ऑस्ट्रिया ने सातवें और आठवें स्थान के लिये खेले गये मुकाबले में दक्षिण कोरिया पर 1-1 से ड्रा के बाद शूटआउट में (2-1) से जीत के साथ सातवां स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रिया के लिए क्रिस्टीन वुकोविच ने (तीसरे) मिनट में गोल किया, जबकि कप्तान ली यूरी ने (31वें) मिनट में दक्षिण कोरिया को बराबरी पर ला दिया। शूटआउट में दोनों गोलकीपरों का प्रदर्शन असाधारण रहा, लेकिन यह माइकला स्ट्रैब थीं जिन्होंने ऑस्ट्रिया की जीत सुनिश्चित की, और कार्ला केम्पर ने अपनी टीम के लिए विजई गोल किया।

# पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने संन्यास लिया

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। 38 साल के सरफराज के संन्यास लेने की पुष्टि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भी की है। सरफराज पाकिस्तान के अकेले ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में टीम को जीत दिलायी है। सरफराज ने पाकिस्तान के लिए तीनों प्रारुपों में खेला है। उन्होंने अपने करियर में 54 टेस्ट, 117एकदिवसीय और 61 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इन मैचों में उन्होंने कुल 6,164 रन बनाए, जिसमें 6 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। विकेटकीपर के तौर पर भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने विकेट के पीछे 315 कैच और 56 स्टंपिंग की।

सरफराज ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में टीम की कप्तानी की। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने टी20 क्रिकेट में नंबर-1 रैंकिंग हासिल की। इसके अलावा टीम ने लगातार 11 टी20 सीरीज जीतने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया और कई टीमों के खिलाफ क्लीन स्वीप किया।

सरफराज ने टीम को 2017आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत दिलायी थी। उनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने फाइनल में भारत को 180 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस जीत के साथ सरफराज पाकिस्तान के पहले कप्तान बने जिन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता।

सरफराज की कप्तानी में टीम ने आईसीसी अंडर -19 विश्वकप में भी जीत दर्ज की थी।

### 2007 में किया था डेब्यू, 2023 में खेला आखिरी मैच

सरफराज अहमद ने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच 2007 में वनडे के रूप में खेला था। वहीं उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में खेला था।संन्यास की घोषणा करते हुए सरफराज अहमद ने कहा कि पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। उन्होंने अपने साथियों, कोच, परिवार और फैंस का धन्यवाद किया।



